सुविचार

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

महाभारत

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_


■ वर्ष 3 ■ अंक 75 ■ जबलपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965

# ईरान ने दी अमरीका-इजरायल के बैंकों पर हमले की चेतावनी

### गूगल-माइक्रोसॉफ्ट भी निशाने पर

**तेहरान।** ईरान ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में स्थित अमरीका और इजरायल से जुड़े आर्थिक केंद्रों, बैंकों और गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमरीकी कंपनियों को भी निशाना बना सकता है। यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया है। ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से संबद्ध ह्यखतम अल-अंबियाह्न मुख्यालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि एक ईरानी बैंक पर हुए हमले के बाद अब दुश्मन के वित्तीय संस्थान उनके निशाने पर हैं।

ईरान ने क्षेत्र के नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुरक्षा के लिहाज से इन बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे से दूर रहें।




इसके साथ ही, ईरान ने उन दिग्गज अमरीकी तकनीकी कंपनियों की सूची जारी की है जिनकी तकनीक का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, आईबीएम और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं।

ईरानी मीडिया के अनुसार, इन कंपनियों के इजरायल और कुछ खाड़ी देशों में स्थित कार्यालय और क्लाउड-आधारित बुनियादी ढांचे अब ईरान के ह्यवैध सैन्य लक्ष्यह्न हैं। ईरान का कहना है कि जैसे-जैसे युद्ध का दायरा बढ़ रहा है, वह अपने हमलों का विस्तार आर्थिक और तकनीकी संपत्तियों तक करने के लिए मजबूर है। रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों के कार्यालय और क्लाउड सेवाओं से संबंधित बुनियादी ढांचे इजरायल के कई शहरों के साथ-साथ कुछ खाड़ी देशों में भी स्थित हैं, जो अब ईरानी हमलों के जोखिम के दायरे में आ गए हैं।

ईरानी अधिकारियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि उनके ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले जारी रहे, तो वे क्षेत्र की तेल सुविधाओं को निशाना बनाएंगे, जिससे तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। खाड़ी देशों में पहले ही अमेजन के डेटा सेंटरों और तेल रिफाइनरियों पर छिटपुट हमलों की खबरें आ चुकी हैं।

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर पूरी तरह सुरक्षित, राष्ट्रपित के बेटे ने चोटिल होने की खबरों का किया खंडन

तेहरान। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर जारी अटकलों के बीच को एक बड़ा स्पष्टीकरण सामने आया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र, यूसुफ पेजेशकियन ने बुधवार को पुष्टि की कि नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ह्लपूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थह्व हैं।




पेजेशकियन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कुछ मित्रों, जिनके उच्च स्तर पर संपर्क हैं, उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि सर्वोच्च नेता स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था कि पिछले दिनों ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में श्री मोजतबा खामेनेई घायल हो गए थे। नियुक्ति के 48 घंटों बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से सामने न आने के कारण इन अफवाहों को और बल मिला था। हालांकि, राष्ट्रपति के परिवार की ओर से आए इस बयान के बाद अब उनके स्वास्थ्य को लेकर बनी अनिश्चितता समाप्त होने की उम्मीद है।

## ईरान ने दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दागे दो ड्रोन, एक भारतीय समेत चार लोग घायल

दुबई। ईरान ने दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला किया है। बताया जा रहा है कि ईरान की ओर से दागे गए दो ड्रोन बुधवार को दुबई के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास गिरे। इस हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में दो घाना के नागरिक, एक बांग्लादेश नागरिक और एक भारतीय शामिल हैं। इन सभी को इस हमले में मामूली चाटें आई हैं। हालांकि इस हमले के चलते हवाई सेवाओं पर कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है और एयर ट्रैफिक पूरी तरह से सामान्य चल रहा है। गौरतलब है कि ये घटनाएं 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच हुई हैं। ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में इजरायली और अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की है। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ह्यसतर्क है और हमारे सहयोगियों के साथ तालमेल से और स्थिति मजबूत हुई है।ह्न मंत्रालय ने पिछले 11 दिनों में 1,475 ड्रोन हमलों पर 94 प्रतिशत को और 270 मिसाइल हमलों में से 92 प्रतिशत आसमान में ही नष्ट कर दिया गया है।



## हरीश राणा की इच्छामृत्यु को सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी, पिछले 13 साल से कोमा में है हरीश



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गाजियाबाद के एक युवक को जीवन रक्षक प्रणाली हटाकर ह्यपैसिव यूथेनेशियाह्न (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जो न्यायालय के 2018 के ह्यकॉमन कॉजह्न निर्णय (जिसे 2023 में संशोधित किया गया था) पर आधारित है, जिसमें गरिमा के साथ मरने को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई थी। बता दें कि हरीश राणा (31 वर्षीय) एक इमारत से गिरने के बाद से पिछले 13 वर्षों से चेतना-शून्य अवस्था में हैं। मस्तिष्क की चोट के कारण सभी अंग पूरी तरह लकवाग्रस्त हो गए थे और वह ह्यपरसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेटह्न (पीवीएस) की स्थिति में चले गए थे। मेडिकल रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 13 वर्षों में उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। वह केवल सर्जरी के माध्यम से लगाए गए पीईजी ट्यूबों द्वारा दिए जाने वाले चिकित्सकीय पोषण के सहारे जीवित हैं। पीठ ने पिता की ओर से दायर उन आवेदनों पर यह आदेश पारित किया, जिसमें उन्होंने अपने बेटे को लगाए गए सभी जीवन रक्षक उपकरणों को हटाने की मांग की थी।

# देशभर में एलपीजी की किल्लत, एजेंसी के बाहर लंबी लाइनें

### यूपी-बिहार में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बंट रहे, राजस्थान में कालाबाजारी

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है।

**मध्य प्रदेश: कैटरर्स बोले- ये इमरजेंसी जैसी स्थिति** : कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट पर है। वहीं घरेलू रसोई गैस लेने के लिए गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी है। जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है। पूरी खबर पढ़ें

**उत्तर प्रदेश: पुलिस सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर** : उत्तर प्रदेश में बुकिंग के 4 से 5 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लाइनें लगने लगी हैं। गोरखपुर-सिद्धार्थनगर में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। एजेंसियों पर तड़के 3 बजे से ही लोग लाइन लगाने पहुंच रहे हैं। घंटों इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। वजह- सिलेंडर कम हैं और लेने वालों की संख्या ज्यादा।



**बिहार: लोग सुबह से ही गैस एजेंसी पहुंच रहे** : यहां भी 2 दिन से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग बंद है। इस वजह से होटल,रेस्टॉरेंट पर असर पड़ा है। घरेलू गैस को लेकर भी राज्य के कई जिलों में लोगों की लंबी कतार दिखी। गोपालगंज, खगड़िया, औरंगाबाद, पटना समेत कई जिलों में लोग सुबह से ही गैस एजेंसी पहुंचने लगे। कई एजेंसियों में ताला लटका है। कोई कर्मचारी भी यहां मौजूद नहीं हैं।

**राजस्थान: 1900 रुपए का सिलेंडर 2500 रुपए में बेचा जा रहा** : कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बिल्कुल बंद हो गई है। ऐसे में अलग-अलग एजेंसी तय दाम से ज्यादा में सिलेंडर की कालाबाजारी कर रही है। भास्कर स्टिंग में खुलासा हुआ कि जयपुर में 1911 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर 2500 रुपए तक में बेचा जा रहा है। भास्कर ने जयपुर के एक होटल में आए गैस सप्लायर (इंडेन) का स्टिंग किया।

**पंजाब: घरेलू सिलेंडरों की भी बुकिंग बंद** : लुधियाना और फरीदकोट में सर्वर डाउन होने के कारण घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा फरीदकोट, होशियारपुर और पटियाला समेत कई जिलों में सोमवार से कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद है।

**गुजरात: कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए 2500 से 3000 रुपए तक की मांग** : मशहूर फूड ट्रक 'महेश पौनभाजी' के मैनेजर शिवचरण अग्रवाल के अनुसार कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए फिलहाल 2500 से 3000 रुपए तक की मांग की जा रही है। इस कालाबाजारी के कारण छोटे-मोटे दुकानदार और होटल मालिकों पर आर्थिक संकट आ गया है। घरेलू गैस के लिए भी राज्य के कई जिलों में लोगों की लंबी लाइन लगी हुई हैं।

## भारत में इंटरनेट दूसरे देशों के मुकाबले सबसे सस्ता, लोकसभा में बोले अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि देश में किफायती दामों पर लोगों को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और वर्तमान में 103 करोड़ लोगों तक इंटरनेट की कनेक्टीविटी है, जबकि 2014 में यह मात्र 25 करोड़ लोगों थी। केंद्रीय इलेक्ट्रोनिकस एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में सरकार ने डिजिटल इंडिया के माध्यम से डिजिटल इनक्लूजन के लिए तीन फ्रंट पर काम किया है।



सबसे पहले इंटरनेट को सब तक पहुंच को बढाना, उसके दाम को कम करना और तीसरा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने कहा कि जहां 2014 में मात्र 25 करोड लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते थे वहीं आज 103 करोड़ लोगों तक इसकी पहुंच है।उन्होंने कहा कि आज भारत में इंटरनेट सबसे किफायती माना जाता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के लिए वैश्विक स्तर पर जो औसत टैरिफ लगता है उससे 25 गुना भारत में कम है। वैष्णव ने कहा कि एआई सम्मेलन के दौरान रोबोट को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ उस पर तुरंत कार्रवाई की गयी और उस विश्वविद्यालय के स्टाल को सम्मेलन स्थल से हटा दिया गया। केन्द्रीय मंत्री ने रेल मंत्रालय से संबंधित एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि मुंबई में रेल आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए कवच परियोजना पर भी काम तेजी से चल रहा है।

## राहुल बोले- पीएम कॉम्प्रोमाइज्ड हैं, हमें बोलने से रोका गया

नई दिल्ली। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और विपक्ष पर कई आरोप लगाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है। कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया। हर समय हमें बोलने से रोका गया। राहुल ने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से कॉम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था। सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है। पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया। पीएम कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल के इतना बोलने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा- नेवर...नेवर। पीएम मोदी का भारत कभी कॉम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा। इनको बेसिक समझदारी भी नहीं है। स्पीकर ने कई बार चेयर घेरी गई, कागज फेंके गए, लेकिन वह मुस्कराते रहे। संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज का आज तीसरा दिन है। लोकसभा में स्पीकर के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा जारी है। आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन को संबोधित करेंगे।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला

### नोज गियर टूटा; थाइलैंड में हार्ड लैंडिंग, 133 लोग सवार थे

बैंकॉक। थाईलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट बुधवार दोपहर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गई। विमान के रनवे पर उतरते ही उसका नोज गियर टूट गया और आगे का पहिया अलग हो गया। फ्लाइट हैदराबाद से फुकेट जा रही थी। थाई अखबार द नेशन के मुताबिक घटना के बाद कुछ समय के लिए रनवे बंद करना पड़ा, हालांकि विमान में सवार सभी 133 यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह फ्लाइट तय समय से पहले फुकेट पहुंच गई थी। विमान का निर्धारित लैंडिंग का समय सुबह 11:40 था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतर गया। बताया जा रहा है कि विमान की लैंडिंग काफी तेज हुई, जिसकी वजह से उसके आगे वाले लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा। पहिया अलग हो जाने की वजह से विमान तुरंत रनवे से हटाया नहीं जा सका।



एअर इंडिया बोला- नोज व्हील में दिक्कत आई : एयरपोर्ट अधिकारियों ने स्थिति को जल्दी काबू में कर लिया। विमान में सात क्रू सदस्य, 131 यात्री और दो बच्चे सवार थे। इस घटना के बाद फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया ताकि विमान को हटाया जा सके और रनवे की सुरक्षा जांच की जा सके।

एयरपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट अइ938 हैदराबाद से फुकेट आई थी। यह विमान बोइंग 737-800 था, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर VT-BWQ है।




# पीएम बोले- कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे

### उन्हें विकास नहीं दिखेगा; खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हमने पूरी ताकत लगाई

चेन्नई। पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे पर हैं। उन्होंने एनार्कुलम के कोच्चि में ?10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद ठऊअ की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा। पीएम ने कहा- खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में इखढ की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। मोदी ने कहा- चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टॉम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता। आज भी हमारी कोशिश यही है कि युद्धग्रस्त देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित निकाला जाए। खाड़ी में जारी युद्ध ने हमें एक बार फिर आत्मनिर्भरता के महत्व का सबक सिखाया है। हमने देखा है कि कोविड संकट, यूक्रेन संकट और मौजूदा संकट के दौरान आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है। कांग्रेस जानबूझकर भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है ताकि हालात और बिगड़ें। ताकि हमारे लोग उसी संकट में फंसे रहें और फिर ये लोग मोदी को गाली देने वाले रील बनाकर अभियान चला सकें।



केरलम के पास नेचर, कल्चर, टैलेंट, टेक्नोलॉजी और विशाल सागर का आशीर्वाद है। इसके बावजूद राज्य का विकास उस गति से नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था। छऊक्र और वऊक्र की सरकार ने विकास के लिए मेहनत नहीं की। सबरीमाला मंदिर मामले में छऊक्र और वऊक्र की पार्टनरशिप देश लीजिए। छऊक्र वालों पर सोना लूटने का आरोप है, जबकि वऊक्र वालों पर चोरी का सोना बेचने का आरोप है।

इस बार यहां BJP-NDA सरकार बनाइए। आपने कांग्रेस और लेफ्ट को 70 साल से ज्यादा दिए हैं। अब इखढ-ठऊअ को अगले 5 साल सेवा करने का मौका दीजिए। आपको विकसित केरलम की शानदार झलक देखने मिलेगी। ये मोदी की गारंटी है। जो अब तक नहीं बदला, अब बदलेगा।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

# ग्राम पंचायत नरैनी माल में धुंधले बिलों से भुगतान का खेल

# सरपंच-सचिव-उपयंत्री की तिकड़ी पर भ्रष्टाचार के आरोप

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले की कई ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार कागजों से मेल नहीं खाती। ऐसा ही एक मामला जनपद बिछिया की ग्राम पंचायत नरैनी माल (छीरपानी) से सामने आया है, जहां ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री की कथित मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग और फर्जी बिलों के माध्यम से भुगतान किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास के नाम पर केवल कागजी लीपापोती की जा रही है और सरकारी योजनाओं के पैसे को मिलकर ठिकाने लगाया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नरैनी माल में पांचवां राज्य वित्त आयोग मद से लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से रिखीराम के घर से पीएम सड़क तक ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था।**






इस कार्य की स्वीकृति 27 जनवरी 2024 को दी गई थी। इस निर्माण कार्य में पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव रहा और पंचायत द्वारा एक ही ट्रेडर्स के नाम पर कई बिल लगाकर भारी भुगतान कर दिया गया, जबकि पोर्टल में दर्ज कई बिल स्पष्ट रूप से दिखाई भी नहीं दे रहे हैं। दस्तावेजों के अनुसार पटैल ट्रेडर्स माधोपुर के नाम पर ग्राम पंचायत द्वारा कुल छह बिलों का भुगतान किया गया है। इन भुगतानों में दिनांक 14 अगस्त 2024 को 42,110 रुपये, 15 जुलाई 2024 को 31,464 रुपये, 15 जुलाई 2024 को 34,960 रुपये, 15 जुलाई 2024 को 33,212 रुपये, 15 जुलाई 2024 को 32,775 रुपये तथा 15 जुलाई 2024 को ही 31,464 रुपये का भुगतान शामिल है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन सभी बिलों को देखने पर वे पोर्टल में धुंधले और अस्पष्ट दिखाई देते हैं, जिससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कहीं न कहीं गड़बड़ी कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है ग्रामीणों का सवाल है कि जब कुल स्वीकृत राशि 2 लाख 50 हजार रुपये है, तो केवल एक ही ट्रेडर्स को लगभग दो लाख रुपये से अधिक का भुगतान कैसे कर दिया गया। यदि इतनी बड़ी राशि सामग्री आपूर्ति में खर्च कर दी गई, तो फिर मजदूरों को कितना भुगतान किया गया और क्या वास्तव में उतना कार्य जमीन पर हुआ भी है या नहीं। इतना ही नहीं, पंचायत के रिकॉर्ड में अन्य संदिग्ध भुगतान भी सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार मूरत सिंह के नाम पर भी कई बिलों का भुगतान किया गया है। बिल क्रमांक 11.6.127 के तहत दिनांक 14 अगस्त 2024 को 8,050 रुपये, दिनांक 16 मार्च 2024 को 13,690 रुपये तथा दिनांक 25 जनवरी 2025 को 7,650 रुपये का भुगतान किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इन बिलों की प्रतियां भी स्पष्ट नहीं हैं और इनमें क्या सामग्री या सेवा दी गई है, यह भी ठीक से समझ में नहीं आता। इसी तरह सपना किराना एवं जनरल स्टोर्स माधोपुर के नाम पर भी भारी भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। दस्तावेजों के अनुसार बिल क्रमांक 436 दिनांक 26 अक्टूबर 2025 के तहत सीमेंट लोडिंग एवं परिवहन के नाम पर 200 बैग सीमेंट की ढुलाई 310 रुपये प्रति बैग की दर से दर्शाई गई है, जिसके लिए कुल 62,000 रुपये का भुगतान किया गया। इसके अलावा बिल क्रमांक 435 दिनांक 16 अक्टूबर 2025 में भी सीमेंट लोडिंग एवं परिवहन के नाम पर पुनः 200 बैग के हिसाब से 62,000 रुपये का भुगतान किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही प्रकार के कार्य के लिए इतनी बड़ी राशि का बार-बार भुगतान होना संदेह पैदा करता है। सवाल यह भी उठता है कि क्या वास्तव में इतनी मात्रा में सीमेंट का उपयोग हुआ या केवल बिल लगाकर सरकारी राशि निकाल ली गई। यदि यह सामग्री उपयोग में लाई गई है, तो उसका स्थल पर कोई स्पष्ट प्रमाण क्यों नहीं दिखाई देता।

स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत में केवल सड़क निर्माण ही नहीं, बल्कि अन्य योजनाओं में भी अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही हैं। सूत्रों के अनुसार मुताबिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, पानी की टंकी साफ सफाई, और मनरेगा के मस्टर रोल में भी भारी गड़बड़ी होने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार मस्टर रोल में ऐसे लोगों के नाम दर्ज कर दिए जाते हैं, जिन्होंने काम ही नहीं किया, जबकि वास्तविक मजदूरों को पूरी मजदूरी नहीं मिलती। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में शिकायत भी की गई है, लेकिन जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है। आरोप है कि कागजों में ही जांच पूरी कर दी जाती है और दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि आखिर वे न्याय के लिए किसके पास जाएं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इन मामलों की निष्पक्ष और तकनीकी जांच कराई जाए तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। उनकी मांग है कि जिला प्रशासन इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए और यदि अनियमितताएं सामने आती हैं तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरकार ग्रामीण विकास के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं चला रही है और इसके लिए करोड़ों रुपये का बजट भी दिया जा रहा है, लेकिन यदि निचले स्तर पर इस तरह की अनियमितताएं होती रहेंगी तो विकास का लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि ग्राम पंचायत नरैनी माल में लगे इन आरोपों की प्रशासन द्वारा कितनी गंभीरता से जांच की जाती है। क्या वास्तव में भ्रष्टाचार की परतें खुलेंगी या फिर जांच के नाम पर एक बार फिर कागजी खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों की नजर जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है और वे निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## सरकारी जमीन से हटाया गया अतिक्रमण:कॉलोनाइजर पर मामला भी हुआ दर्ज



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले की नैनपुर तहसील के ग्राम निवारी में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। यह कार्रवाई तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे के निर्देश पर राजस्व अमले और पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। ग्राम निवारी में खसरा नंबर 434 पर रास्ता मद की शासकीय भूमि पर एक कॉलोनाइजर द्वारा नाली खोदकर प्लॉटिंग की जा रही थी। इस अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाकर नाली को समतल किया गया। तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे ने बताया कि गढ़ेवाल नामक कॉलोनाइजर ने रास्ता मद की इस भूमि पर नाली खोदकर अतिक्रमण किया था। यह भूमि किसी को भी आवंटित नहीं की गई है। मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ग्राम निवारी के पूर्व जनपद सदस्य जागेश्वर ठाकुर ने जानकारी दी कि इस भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा संगठन भवन निर्माण और वृक्षारोपण का प्रस्ताव है। उन्होंने प्रशासन की इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, आरआई, पटवारी, पंचायत सचिव और सरपंच सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।


## सवारी वाहनों की लोडिंग और जांच पर उठे सवाल

## तिपहिया ऑटो में ठूंस-ठूंसकर सवारियां, छत पर बैठकर भी कर रहे सफर कब जागेगा प्रशासन?

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मंडला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन पहिया ऑटो वाहनों में क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां बैठाकर सड़कों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं। हालत यह है कि ऑटो के अंदर 10 से 20 सवारी बैठाए जाते हैं और कई बार लोग छत पर बैठकर भी सफर करने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस ओर न तो यातायात विभाग का ध्यान है और न ही परिवहन विभाग की कोई ठोस कार्रवाई दिखाई देती है।**

**मनमानी ढंग से कहीं भी रोक देते हैं वाहन**

नगर में ऑटो चालकों की मनमानी भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है। कई चालक जहां मन आया वहीं अचानक ब्रेक लगाकर ऑटो रोक देते हैं। उन्हें इस बात की चिंता तक नहीं रहती कि पीछे से कोई वाहन आ रहा है या नहीं। इससे सड़क पर दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है और आम नागरिकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि इन ऑटो वाहनों में सफर करना अब सुरक्षित नहीं रहा और ह्लसुरक्षित यात्राह्व का दावा केवल कागजों में ही नजर आता है।





### बिना फिटनेस और लाइसेंस के दौड़ रहे वाहन

जानकारी के अनुसार कई सवारी वाहन ऐसे भी हैं जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है या जो सर्वे ऑफ की श्रेणी में आते हैं। वहीं कुछ चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है। इसके बावजूद ऐसे वाहन सड़कों पर फर्राटे भरते नजर आते हैं। सवारी के साथ-साथ इन वाहनों में भारी मात्रा में सामान भी भर दिया जाता है, जिससे संतुलन बिगड़ने और दुर्घटना होने की आशंका और बढ़ जाती है।

### बाजार के दिन और बढ़ जाती है समस्या

बाजार के दिनों में स्थिति और भी ज्यादा गंभीर हो जाती है। आसपास के गांवों से आने वाले ऑटो और जीपों में सवारियों के साथ पशु आहार और अन्य सामान भी भरकर लाया जाता है। कई बार लगेज वाहनों जैसे छोटे हाथी में भी सामान के साथ यात्रियों को असुरक्षित तरीके से बैठाकर या लटकाकर सफर कराया जाता है।

### सड़क पर मवेशियों का जमघट, हादसे का खतरा

आबादी वाले क्षेत्रों की सड़कों पर अक्सर मवेशी और कुत्ते खुले घूमते रहते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार से गुजरने वाले सवारी और भारी वाहन किसी भी समय हादसे का कारण बन सकते हैं। कई मार्ग अंधे मोड़, चढ़ाई और ढलान वाले हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी शब्बीर खान का कहना है कि सड़को फर्राटे भरते ऑटो को आसानी से देखा जा सकता हैं और सड़कों पर पशु का जमावड़ा लगा रहता है जिस कारण से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, जिस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। स्थानीय निवासी का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए परिवहन और यातायात विभाग को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाना चाहिए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सवारी वाहनों की लोडिंग और फिटनेस की सख्त जांच नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई कर यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाया जाए।

## फिर विवादों के घेरे में रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज..

### मंडला के रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज में परीक्षा शुल्क के नाम पर अवैध वसूली का आरोप..

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले के महाराजपुर स्थित रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज का विवादों से पुराना नाता हैं कॉलेज प्रबंधन के द्वारा बच्चों से फीस के नाम पर तय राशि से अधिक रुपए की मांग करना या फिर एडमिशन के पहले कुछ और बातें तो फिर बाद में अध्यनरत बच्चों को तरह तरह से परेशान कर फीस वसूली के नाम पर अधिक राशि की डिमांड करना।**




इसी विषय को लेकर जब दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला ने स्टिंग किया तो इसमें बड़ा खुलासा सामने आया स्टिंग में सामने आई चौंकाने वाली बातें, मंडला जिले के रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं से निर्धारित सीमा से अधिक फीस वसूले जाने का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इस पूरे मामले का खुलासा उस समय हुआ जब रेवांचल टाइम्स मंडला ने इस विषय पर स्टिंग ऑपरेशन किया। स्टिंग के दौरान कॉलेज प्रबंधन की सीईओ आशिमा पटेल का एक कथित बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं से तय फीस से अधिक राशि ली जाती है। बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि ह्लसिस्टम ही ऐसा है, इसमें बुराई क्या है। सूत्रों का कहना हे कि जब उनसे इस अतिरिक्त वसूली पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कथित तौर पर यह भी कहा कि ह्लजिसे जहां शिकायत करनी है कर ले, हमारा कुछ नहीं होने वाला। इस बयान के सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था और निजी संस्थानों की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में शिक्षा के नाम पर इस तरह की मनमानी गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बन रही है। अब सबकी नजर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की कार्रवाई पर टिकी है कि इस मामले में क्या कदम उठाए जाते हैं।

ज्ञान का मंदिर या वसूली का काउंटर? मंडला के रावतपुरा नर्सिंग कॉलेज से एक नया ह्लप्रबंधन सिद्धांतह्व सामने आया है – सिस्टम ऐसा हैङ्क लूट सको तो लूट लो। कभी कहा जाता था कि शिक्षा मंदिर है, जहां ज्ञान का दीप जलता है।

लेकिन अब लगता है कि कुछ जगहों पर यह मंदिर एटीएम मशीन बन गया है – फर्क बस इतना है कि यहां कार्ड नहीं, छात्रों का भविष्य स्वाइप होता है।

जब पत्रकार ने पूछा कि तय फीस से ज्यादा पैसे क्यों लिए जा रहे हैं, तो जवाब मिला –सिस्टम ही ऐसा है वाह! यानी अब ईमानदारी नहीं, बल्कि सिस्टम का हवाला सबसे बड़ा कवच बन गया है। और जब शिकायत की बात आई तो जवाब भी कम दिलचस्प नहीं था – जहां शिकायत करनी है कर लो लगता है जैसे यह कोई कॉलेज नहीं, बल्कि ह्लचैलेंज सेंटरह्व हो – जहां प्रबंधन खुलकर कह रहा है कि अगर हिम्मत है तो शिकायत करके देख लो। सबसे दुखद पहलू यह है कि यह सब उस जिले में हो रहा है जिसे आदिवासी बहुल और पिछड़ा इलाका कहा जाता है। जहां के कई परिवार अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए जमीन तक गिरवी रख देते हैं। लेकिन कुछ लोगों के लिए शायद शिक्षा नहीं, बल्कि ह्लकमाई का सुनहरा अवसरह्व ज्यादा महत्वपूर्ण है। अब सवाल यह नहीं है कि फीस ज्यादा ली जा रही है या नहीं। सवाल यह है कि क्या सच में सिस्टम इतना कमजोर हो चुका है कि कोई खुलेआम कह सके – ह्ललूट लो, कुछ नहीं होगाह्व? अगर ऐसा है, तो फिर यह सिर्फ एक कॉलेज की कहानी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम के आईने की तस्वीर है।

## मण्डला में सिलसिला एवं तलाशे जौहर का कामयाब सफर



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। भोपाल से मोहतरमा डॉ.नुसरत मेहदी जी एवं रिजवान भाई साहब द्वारा मुसल्सल इदालत, मशवरा व हिदायत, राहनुमाई,इर्शाद तथा नियाजत ने सिलसिला एवं तलाशे जौहर अंतर्गत अदबी गजल के आयोजन को कामयाबी दिलायी ' डॉ. नुसरत मेहदी ने अपने बयान में फरमाया कि "सिलसिला एवं तलाशे जौहर" एक साहित्यिक-सांस्कृतिक सेतु है,जिसके मार्फत भाषायी एवं मजहबी एकता कायम होती है। श्याम बैरागी जी एवं नवीन जैन 'अकेला' जी का तन –मन से समर्पित सहयोग मिला।**

तजुबेर्कार जुनेद जी की सिम्त रंग लायी जबलपुर से पधारे जनाब असलम माजिद का क्या कहना! वाह! शुभान अल्लाह! आपने अपने कलाम एवं शायरी से माहौल को खुशनुमा बना दिया ' आपकी गजलों ने सिलसिला एवं तलाशे जौहर में चार चाँद लगा दिया ' आपके कलाम के हर एक शेर ने खूब वाहवाही एवं तालियाँ बटोरी ' आपकी प्रत्येक पंक्ति रेखांकित करने योग्य रही ।जनाब अब्दुल बसीर 'आसी' की सूफियाना शायरी व गजल ने अलग जलवा बिखेरा ' जनाब जुनेद अख़्तर की उल्फत से लबरेज शायरी ने गहरा असर डाला ' श्याम बैरागी ने तरन्नुम में जब गजल पढ़ना आरम्भ किया तो फिजा में एक नई रंगत आ गई ' नवीन जैन 'अकेला' ने समसामयिक विषयों पर अपनी गजल के मार्फत अच्छा तंज कसा व सटीक कटाक्ष किया। शेख शफीक ताज ने अपने अलग अंदाज में गजल पढ़ा और प्रोग्राम को मेयार पर पहुँचाया ' प्रो.शरदनारायण खरे ने भी तरन्नुम में गजल पढ़ा और एक मिठास घोल दिया ' अर्चना जैन जी ,डॉ.शशिकांत चंदेला जी ,प्रतिमा वाजपेयी जी , योगिता चौरसिया जी ,प्रीति दुबे जी ,आशा अवस्थी जी, नवनीता दुबे 'नूपुर' जी , अनिल वर्मा जी , लखन कछ्वाहा जी,सभी का अपना –अपना तेवर था, सभी ने अपनी श्रेष्ठतम प्रस्तुतियाँ दीं। आदरणीय श्री सुनील बाली साहब की गरिमामयी उपस्थिति ने सतत सम्बल प्रदान किया ' प्रशांत श्रीवास्तव जी ने कार्यक्रम के यादगार पलों को अपने कैमरे में कैद किया ' आभा वमार्जी,इन्द्रेश खरया जी एवं प्रमोद दुबे जी ने शायरों की हौसला आफजाई की। कुछ गजलकारों ने मोहब्बत से सराबोर गजलें पेश किया तो किसी ने अपनी व्यंग्यात्मक लहजे में लिखी गजलों के माध्यम से राजनीतिक अव्यवस्थाओं, विद्रूपताओं, विसंगतियों एवं सामाजिक विडंबनाओं पर करारा प्रहार किया। विशिष्ट वक्ता श्री मनोज जैन 'मित्र' ने अमीर खुसरो से लेकर मीर तक ी मीर,फिराक गोरखपुरी,नजीर अकबराबादी,सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई, प्रेमचंद, दुष्यन्त कुमार,निदा फाजली, जावेद अख़्तर, साहिर लुधियानवी,बशीर बद्र,मुनव्वर राणा, राहत इन्दौरी से लेकर मनोज मुन्तशिर तक विभिन्न उर्दू कलमकारों के योगदान पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए "मण्डला जिले का साहित्यिक परिदृश्य" पर विवेचनात्मक वक्तव्य दिया एवं हिन्दी–उर्दू की गंगा–जमुनी तहजीब पर बेहतरीन अंदाज में अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष का उद्बोधन काबिले तारीफ रहा, जिसमें उन्होंने नवोदित गजलकारों को गजल लिखने–पढ़ने की बारीकियों से रू–ब–रू कराया ' जिला समन्वयक डॉ. राजेश कुमार ठाकुर ने फरमाया कि,"यह आयोजन यदि सफल रहा है तो उसका श्रेय आप सभी को जाता है ' आप सभी की लगन, निष्ठा एवं सहयोग प्रणम्य है '। गजलों से सजी इस अदबी महफिल में शिरकत करने वाले तमाम हजरात का ,इस आयोजन में तशरीफ लाने वाले तमाम शख़्स का इस्तकबाल करते हुए, सभी के प्रति जिला समन्वयक द्वारा शुक्रिया अदा करते हुए हार्दिक आभार,साधुवाद, कृतज्ञता प्रकट किया ।



# अमृत मित्र महोत्सव में सहभागिता हेतु शहडोल की अमृत मित्र महिलाएं दिल्ली रवाना




**अध्यक्ष व सीएमओ ने यूनिफॉर्म प्रदान कर दी शुभकामनाएं**

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 13 मार्च 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में ह्लअमृत मित्र महोत्सवह्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से चयनित महिला प्रतिनिधि सहभागी बनकर अपने-अपने शहरों में किए जा रहे नवाचारों, अनुभवों तथा सफल पहलों को साझा करेंगी। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद शहडोल अंतर्गत संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) से जुड़ी 5 अमृत मित्र महिलाएं इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शहडोल से भोपाल होते हुए नई दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं। इनके साथ जिला नोडल अधिकारी प्रतीक्षा शुक्ला एवं पी.डी.एम.सी. सोशल एक्सपर्ट भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में सहभागिता से पूर्व 10 मार्च 2026 को नगर पालिका परिषद कार्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी द्वारा अमृत मित्र महिलाओं को यूनिफॉर्म वितरित कर सम्मानपूर्वक शुभकामनाएं दी गईं। उल्लेखनीय है कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहडोल नगर में हङ्खौल्ल ड्ड१ ळ१ीर अभियान, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा विवेकानंद पार्क के संधारण एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में 11 स्व-सहायता समूहों की लगभग 25 महिलाएं ह्यअमृत मित्रह्व के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। ये महिलाएं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित विकास एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रही हैं। इन्हीं सक्रिय अमृत मित्रों में से 5 महिलाओं का चयन राज्य स्तर से नई दिल्ली में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में सहभागिता हेतु किया गया है, जो शहडोल नगर के लिए गौरव एवं उपलब्धि का विषय है। अमृत मित्र महिलाएं राष्ट्रीय मंच पर शहडोल नगर में किए जा रहे कार्यों एवं अनुभवों को साझा कर शहर की सकारात्मक पहचान स्थापित करेंगी।

# जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला उमरिया के निर्देशन में सेक्टर क्रमांक 4 चंदिया में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम व्यास धाम सेवा समिति के सौजन्य से जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 4 चंदिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत में प्रस्फुटन समितियों के गठन,उनकी भूमिका और कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में समितियों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन के विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन और शादी की सालगिरह को यादगार बनाने के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परामर्शदाता राघवेंद्र द्विवेदी ने प्रशिक्षणार्थियों को शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं और निर्धारित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

# नाबालिग चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, झाड़ियों में छिपाए गए दो मोटरसाइकिल जप्त



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में कुछ ही घंटों के अंतराल में एक ही स्थान से दो मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर एक नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल कर ली, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर कोटमा रोड स्थित टांकी नाला के पास झाड़ियों से चोरी की दोनों मोटरसाइकिल बरामद कर ली गईं। जानकारी के अनुसार बाणगंगा क्षेत्र के पास से अलग-अलग समय पर दो मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। दोनों घटनाएं एक ही स्थान से होने के कारण पुलिस भी हैरान रह गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। फरियादी रविशंकर जायसवाल (40) निवासी ग्राम पटासी और दिलीप मिश्रा (47) निवासी बाणगंगा पेट्रोल पंप के पीछे, थाना सोहागपुर ने 10 मार्च को अपनी-अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना सोहागपुर में क्रमशः अपराध क्रमांक 97/26 और 98/26 धारा 305 (बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाणगंगा कॉलोनी वार्ड नंबर 17 निवासी 14 वर्ष 10 माह के एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने दोनों मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर कोटमा रोड स्थित टांकी नाला के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गईं, जिनकी कुल कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने अपचारी बालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेला का हुआ समापन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिला मुख्यालय उमरिया के कृषि उपज मंडी में तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेला का समापन हुआ।समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों का कल्याण करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित कर खेती को लाभ का धंधा बनाने और किसानों की आय आय बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं और गतिविधियां संचालित की गई हैं , जिसका लाभ भी किसानों को मिल रहा है और वे खेती को लाभ का धंधा बना रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय मेले



में जिले भर के किसानों का एक छत के नीचे समागम हुआ है । मेले के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों व्दारा खेती किसानी करने के तरीकों को विस्तार से बताया गया है। किसान परंपरागत खेती से हटकर नई नई पध्दतियों से खेती करें जिससे किसान को कम लागत आएगी और अधिक उत्पादन होगा। कार्यक्रम को कमलेश गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने संबोधित किया।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों व्दारा किसानों को खेती किसानी के तौर तरीके, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण आदि की जानकारी प्रदाय की गई । कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत आयोजित मेले में हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर पशु पालन विभाग व्दारा दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान अंतर्गत हितग्राहियों के चयन, योजना का स्वरूप,इकाई लागत,अनुदान राशि,पशुओं का चयन,आवेदन प्रक्रिया,पशु धन बीमा योजना, आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना,समुन्नत पशु प्रजनन कार्यक्रम योजना, कृषि विभाग व्दारा सुपरसीडर,जीरो टिल सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल,कटर यंत्र,उद्यानिकी विभाग व्दारा पीएम एफएमई ,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, महिला बाल विकास विभाग व्दारा बेटी बचाओ , बेटी पढाओ, वन स्टॉप सेंटर सखी, साईबर क्राइम, के साथ ही झटका मशीन , स्प्रिंकलर,पाईपलाईन तथा स्व सहायता समूह कि महिलाओं व्दारा प्राकृतिक खेती उत्पाद,प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अवलोकन किसानों व्दारा किया गया।

# कई माह से पशु अस्पताल पर लटक रहा है ताला, पशुपालक परेशान, पशु विभाग मौन

## इलाज न होने से पशुओं की हो रही है मौत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलिया बड़ी में स्थित पशु अस्पताल विगत दो माह से बंद पड़ा है, जिससे आसपास के चार-पांच गांवों के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तालाबंदी की वजह से बीमार पशुओं का इलाज नहीं हो पा रहा है, और किसान मजबूर होकर दवा व इलाज के लिए दूसरे गांवों में भटक रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार अस्पताल में डॉक्टर प्रभारी के रूप में तो हैं, लेकिन वे सिर्फ कागजों पर ही सीमित हैं। वास्तविकता यह है कि पिछले दो महीनों से अस्पताल एक भी दिन नहीं खुला। यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि वर्षों से यह अस्पताल इसी हालत में है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों ने आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। हाल ही में एक स्थानीय




किसान अपने बीमार पशु के लिए दवा लेने बेलिया बड़ी पशु अस्पताल पहुंचा। उसे उम्मीद थी कि यहां पहुंचकर दवा मिल जाएगी जिससे उसके पशु को राहत मिलेगी, लेकिन वहां पहुंचते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। अस्पताल के दरवाजों पर लगा भारी ताला देख उसे निराशा हाथ लगी। किसान का कहना था कि उसने सोचा था कि यहां दवा मिल जाएगी, लेकिन पता चला कि यह अस्पताल तो आए दिन बंद ही रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अस्पताल के बंद रहने से बेलिया बड़ी समेत आसपास के कई गांवों के सैकड़ों पशुपालक प्रभावित हो रहे हैं। वे बार-बार प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से मांग की है कि या तो अस्पताल में नियमित डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, या फिर किसानों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। पशु उनकी अजीविका का आधार हैं और इलाज के अभाव में उनकी जान पर बन आती है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

**इनका कहना है।**

जल्द ही पशु विभाग से कर्मचारी को भेज कर अस्पताल खोला जाएगा।

**डॉ. बी बी चौधरी, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा अनूपपुर**

# जीजा-साले का झगड़ा, मोटरसाइकिल में लगा दी आग, आरोपी हुआ फरार, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के गोदावल में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जीजा-साले के बीच चल रहे झगड़े के चलते साले ने घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगा दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोदावल तिराहे के पास रहने वाले मोनू कुमार सोनी के घर के बाहर उनकी बाइक खड़ी थी। जीजा-साले के बीच हुए विवाद के बाद साले ने गुस्से में आकर बाइक में आग लगा दी। आग लगने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आग लगने की घटना के बाद घर



में सो रहे मोनू कुमार सोनी और उनके परिजन जाग गए। उन्होंने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और बाइक बुरी तरह जलने लगी। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय संसाधनों की मदद से आग को बुझाया गया। हालांकि तब तक बाइक को काफी नुकसान हो चुका था। घटना के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोनू कुमार सोनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# भूमिगत खदान में ठेका श्रमिकों का शोषण, मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर सांसद कार्यालय में सौपा ज्ञापन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** हाली मे बिजुरी क्षेत्र के एसईसीएल हसदेव क्षेत्र की कुरजा भूमिगत खदान में कार्यरत दर्जनों ठेका श्रमिकों ने 27 फरवरी 2026 को शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह के कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मजदूरी से जुड़े गंभीर मुद्दों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में खदान में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन बैंक खातों में जमा किया जाता है, लेकिन ठेकेदार के दबाव में उनसे लगभग 75 प्रतिशत राशि वापस वसूली जाती है। इस वजह से उन्हें वास्तविक रूप से केवल 25 प्रतिशत मजदूरी मिल पाती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वसूली गई राशि को जीएम, सब एरिया मैनेजर, वेलफेयर और सर्वेयर सहित अन्य अधिकारियों तक पहुँचाने का आरोप है। इस प्रक्रिया के कारण श्रमिक अपनी पूरी मेहनताना प्राप्त नहीं कर पाते और लंबे समय से असंतोष व्याप्त है। यदि कोई श्रमिक पूरी मजदूरी की मांग करता है या पैसे वापस देने से इनकार




करता है, तो उसे काम से हटाने या काम बंद कराने की धमकी दी जाती है। भुगतान और बिल पास कराने की प्रक्रिया में दबाव बनाए जाने की बात भी दर्ज की गई है। श्रमिकों का कहना है कि उन्हें न्यूनतम वेतन का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। बैंक खातों में पैसा आने के बाद भी ठेकेदार द्वारा बड़ी राशि वापस लेने के कारण उनकी वास्तविक आमदनी बहुत कम रह जाती है। इस पूरे मामले ने खदान प्रबंधन और उप क्षेत्रीय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आवेदन में मांग की गई है कि ठेका कर्मियों को नियमित पेमेंट स्लिप उपलब्ध कराई जाए और न्यूनतम वेतन का पूरा भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बोनस, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं और कॉलोनी में खाली पड़े क्वार्टर जरूरतमंद परिवारों को दिए जाएं। इस मामले में जब कुरजा भूमिगत खदान के प्रबंधन को मोबाइल से कॉल किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर में 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) का 1008वां जन्म कल्याणक महोत्सव 12 मार्च 26, गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक विधि-विधान के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित होकर भगवान आदिनाथ की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। महोत्सव के अवसर पर प्रातःकाल से ही जैन मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत हो जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 8ः बजे भगवान आदिनाथ का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुजन पवित्र जल, पंचामृत एवं विभिन्न द्रव्यों से भगवान का अभिषेक करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 8ः30 बजे शांतिधारा का आयोजन होगा, जिसमें विश्व शांति, समाज की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की मंगल कामनाएं की जाएंगी।



श्रद्धालु भगवान आदिनाथ के गुणों का स्मरण करते हुए धार्मिक विधान एवं पूजन करेंगे। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहेगा और श्रद्धालु भक्ति, साधना एवं धमार्राधना में लीन रहेंगे। जैन मंदिर परिसर में विशाल नगर भंडारा (सामूहिक भोजन प्रसादी) का आयोजन किया जाएगा, वहीं संध्या काल शाम 7ः बजे संगीतमय महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसे खुशी जैन (जबलपुर) द्वारा भक्ति भाव के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। बाहर से आने वाले जैन समाज के बंधुओं के लिए जैन मंदिर परिसर में निःशुल्क आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# संपादकीय

## संसद में चर्चा का ड्रामा

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च, सोमवार, को शुरू हुआ, लेकिन हंगामे, नारेबाजी, पोस्टरबाजी की बलि चढ़ गया। अजीब सियासी ड्रामा देखने को मिला। विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया था, जिसे कार्यसूची में रखा गया। अर्थात प्रस्ताव पर चर्चा होगी और फिर मत-विभाजन होगा। कायदे से विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का आगाज करना चाहिए था, लेकिन उसने ईरान युद्ध और उससे प्रभावित हालात पर वैकल्पिक चर्चा की नई मांग की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर को अपना वक्तव्य शोर के बीच ही पढ़ना पड़ा। उधर राज्यसभा में भी ईरान युद्ध पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिए गए। अविश्वास प्रस्ताव स्पीकर के खिलाफ था, लिहाजा विपक्ष की नई मांग को खारिज कर दिया गया और स्पीकर के मुद्दे पर चर्चा के लिए आग्रह पीठासीन अधिकारी ने किया और संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने भी कहा। नतीजतन हंगामा होता रहा। अंततः लोकसभा की कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित करनी पड़ी। सवाल है कि लोकसभा में विरोधाभास की स्थिति थी, लेकिन राज्यसभा में ईरान युद्ध पर चर्चा क्यों नहीं कराई गई? वीपी सिंह और अटलबिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान हमारी संसद ने ऐसे युद्धों, हमलों पर चर्चा की थी और हमलावर आक्रांता देश की निंदा की थी। लिहाजा ऐसी चचाओं की संसदीय परंपरा रही है। कमोबेश राज्यसभा में तो अविश्वास प्रस्ताव जैसा कोई महत्वपूर्ण विषय कार्यसूची में नहीं था। ईरान और खाड़ी के अन्य अरब देशों में तबाही का जो दौर चल रहा है, भारत उससे अछूता नहीं है। बल्कि भारत भी प्रभावित हो रहा है, बेशक सरकारी सूत्र कुछ भी दावे करते रहें। कच्चे तेल की कीमत 118 डॉलर प्रति बैरल तक उछली। शुक्र है कि अंततः यह कीमत 96.88 डॉलर तक लुढक गई। मीडिया में यह कीमत 102 डॉलर भी छपी है। यदि कच्चे तेल के दाम 120 डॉलर हो जाते हैं, तो विश्व में 0.4 फीसदी महंगाई बढ़ेगी। दस मार्च मंगलवार की दोपहर में कच्चे तेल की कीमत गिर कर 90 डॉलर पर आ गई। संभावनाओं के मद्देनजर तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के ह्यचरमह्न तक पहुंचती हैं, तो दुनिया में औसतन जीडीपी 2 फीसदी कम हो सकती है। यदि ईरान युद्ध 15 और दिन जारी रहा, तो तेल 150 डॉलर तक महंगा होना लगभग तय है। चूंकि ईरान के लगातार हमलों के मद्देनजर सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत आदि खाड़ी देशों ने तेल और गैस के उत्पादन कम कर दिए हैं अथवा बंद करने पड़े हैं, क्योंकि रिफाइनरियां, तेल डिपो और ठिकाने धू-धू करके जल रहे हैं। नतीजतन विश्व में तेल और गैस का व्यापक संकट सामने दिख रहा है। कोई भी देश मुगालते में न रहे। अमरीका को लेकर 1929 वाली ह्यमहामंदीह्न के आकलन सामने आ रहे हैं। युद्ध के 10 दिनों में अमरीका को करीब 6 अरब डॉलर खर्च करने पड़े हैं। यह उसके बजट से परे की यथार्थ स्थिति है। भारत की बात करें, तो हमारे 4 लाख टन बासमती चावल का निर्यात अवरुद्ध हो गया है। करीब 41,000 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का निर्यात फंसा है। करीब 5000 करोड़ रुपए की दवाओं का निर्यात रुक गया है। चीनी, चाय, मांस, फल और डेयरी उत्पादों की कीमत करोड़ों में है, जो युद्ध के कारण फंसे हुए हैं। अनुमान है कि करीब 1 लाख करोड़ रुपए का भारतीय निर्यात प्रभावित हुआ है, जाहिर है कि इसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। क्या ऐसे विषय पर संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए? सांसद शशि थरूर का कहना उचित है कि संसद हमारे लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, वहां बहस होनी चाहिए। संसद ह्यनोटिस बोर्डह्न नहीं है कि मंत्री ने वक्तव्य दे दिया और मुद्दे का इति सिद्धम। खाड़ी देशों के साथ भारत का 200 अरब डॉलर का कारोबार है। यदि भारत पर युद्ध का कोई भी असर नहीं है, तो बेंगलुरु में होटलों ने बंद होने की घोषणा क्यों की है? राजधानी दिल्ली में भी रेस्तरां एसोसिएशन ने कमर्शियल गैस की उचित आपूर्ति न किए जाने पर होटल, रेस्तरां बंद करने की चेतावनी क्यों दी है? तेल कंपनियों ने वितरकों को गैस सप्लाई रोकने के आदेश क्यों दिए हैं? जरूर ऐसा कुछ है, जो सरकार देश से छिपा रही है। अलबत्ता संसद में चर्चा तो करनी ही चाहिए। दलीय राजनीति के कारण असल मुद्दों पर संसद में चर्चा नहीं हो पा रही है। यह देशहित में नहीं है। दलीय राजनीति को किनारे रखकर चर्चा होनी चाहिए।

# उच्च शिक्षा का दृष्टिकोण बदले

इस रिपोर्ट के अनुसार सिर्फ 8.6 प्रतिशत संस्थानों ने माना कि उनके पाठ्यक्रम पूरी तरह से उद्योग की जरूरतों के अनुरूप हैं। वहीं 51 प्रतिशत से ज्यादा संस्थानों ने साफ कहा कि उनके कोर्स का उद्योग से कोई तालमेल ही नहीं है। यह स्थिति आकांक्षाओं और जमीनी हकीकत के बीच गहरे अंतर को दिखाती है। उन्होंने यहां तक कहा कि भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली अपने तय किए गए लक्ष्यों को हासिल करने में संरचनात्मक रूप से कमजोर है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कॉलेजों में इंडस्ट्री से जुड़े अनुभवी प्रोफेशनल्स की भागीदारी बहुत कम है। भारत में हर साल लाखों छात्र डिग्री लेकर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से निकलते हैं। उम्मीद होती है कि पढ़ाई पूरी करते ही उन्हें अच्छी नौकरी मिलेगी और वे अपने करियर की मजबूत शुरूआत कर पाएंगे। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आती है। हाल ही में टीमलीज एडटेक की एक नई रिपोर्ट ने भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था की इस सच्चाई को सामने रखा है, जिसने शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ते अंतर को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के करीब 75 प्रतिशत उच्च शिक्षा संस्थान (कॉलेज और विश्वविद्यालय) अपने छात्रों को उद्योग-अनुकूल यानी जॉब-रेडी स्किल्स देने में असफल हो रहे हैं। दूसरे शब्दों में छात्र डिग्री तो हासिल कर लेते हैं, लेकिन उनमें वह व्यावहारिक कौशल नहीं होता, जिसकी आज के नियोक्ताओं को जरूरत है। इस रिपोर्ट के अनुसार कई संस्थान सिर्फ डिग्री बांटने का काम कर रहे हैं, न कि छात्रों को रोजगार के लिए तैयार कर रहे हैं।

उच्च शिक्षा की स्थिति कितनी चिंताजनक है?



देश में सिर्फ 16.67 प्रतिशत संस्थान ही ऐसे हैं, जो अपने 76 से 100 प्रतिशत छात्रों को स्नातक होने के छह महीने के भीतर नौकरी दिला पाते हैं। यह आंकड़ा उन संस्थानों के लिए भी निराशाजनक है, जो खुद को बेहतर प्लेसमेंट देने वाला बताते हैं। आज के समय में शिक्षा का उद्योग से जुड़ा होना बहुत जरूरी है, लेकिन ऐसा बहुत कम जगहों पर हो रहा है।

इस रिपोर्ट के अनुसार सिर्फ 8.6 प्रतिशत संस्थानों ने माना कि उनके पाठ्यक्रम पूरी तरह से उद्योग की जरूरतों के अनुरूप हैं। वहीं 51 प्रतिशत से ज्यादा संस्थानों ने साफ कहा कि उनके कोर्स का उद्योग से कोई तालमेल ही नहीं है। यह स्थिति आकांक्षाओं और जमीनी हकीकत के बीच गहरे अंतर को दिखाती है। उन्होंने यहां तक कहा कि भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली अपने तय किए गए लक्ष्यों को हासिल करने में संरचनात्मक रूप से कमजोर है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कॉलेजों में इंडस्ट्री से जुड़े अनुभवी प्रोफेशनल्स की भागीदारी बहुत कम है। सिर्फ 7.56 प्रतिशत संस्थानों ने ही कई कोर्सों में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस को शामिल किया है। इसका असर यह होता है कि ज्यादातर छात्रों को असली दुनिया की नौकरी, बदलती भूमिकाओं और काम करने के तरीकों की सही समझ नहीं मिल पाती है। आज के समय में कंपनियां सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि मान्यता प्राप्त इंडस्ट्री सर्टिफिकेट्स को भी महत्व देती हैं। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 60 प्रतिशत से ज्यादा संस्थानों ने अपने पाठ्यक्रम में ऐसे सर्टिफिकेट्स को शामिल करने पर कभी विचार ही नहीं किया। इससे छात्र ऐसे कौशल के बिना ग्रेजुएट हो जाते हैं, जिन्हें नियोक्ता तुरंत पहचान कर सकें और महत्व दें। नौकरी के लिए तैयार होने में इंटर्नशिप और अनुभवात्मक सीख की भूमिका बहुत अहम होती है। लेकिन यहां भी हालात कमजोर हैं। सिर्फ 9.4 प्रतिशत संस्थानों में सभी कोर्सों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप होती है। वहीं 37.8 प्रतिशत संस्थानों में इंटर्नशिप की कोई व्यवस्था ही नहीं है।

इसके अलावा, लाइव इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स, जिनमें छात्र असली समस्याओं पर काम करते हैं, सिर्फ 9.68 प्रतिशत संस्थानों में ही कराए जाते हैं। इन कमियों की वजह से बड़ी संख्या में छात्र बिना किसी व्यावहारिक अनुभव के नौकरी बाजार में कदम रखते हैं। ऐसे में क्लासरूम से वर्कप्लेस तक का सफर उनके लिए बेहद कठिन हो जाता है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कॉलेज अपने पूर्व छात्रों के नेटवर्क का सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं, जबकि यह उद्योग और संस्थानों के बीच एक मजबूत कड़ी हो सकता है। सिर्फ 5.44 प्रतिशत संस्थानों ने ही बताया कि उनके पास सक्रिय एलुमनाई नेटवर्क है। इससे मेंटरशिप, रेफरल और अनौपचारिक भर्ती के मौके काफी सीमित रह जाते हैं। भारतीय पाठ्यक्रम अक्सर उद्योग की जरूरतों से कटा रहता है। कैरियर परामर्श और रोजगारपरकता भी एक क्षेत्र है जिसमें भारतीय संस्थान अपने विदेशी समकक्षों से बहुत पीछे हैं। हमारा पाठ्यक्रम उन लोगों से चचाओं पर आधारित नहीं होता है जो अंततः हमारे छात्रों को रोजगार देते हैं या अपने यहां काम पर रखते हैं। वहीं दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थान भविष्य की संभावनाओं को समझने के लिए लगातार व्यापार, उद्योग, समाज और सरकार के साथ जुड़े रहते हैं। नौकरियों की संख्या और कर्मचारियों की मांगों में तेजी से बदलाव हो रहा है जो सीधे-सीधे शिक्षा प्रदाताओं को यह जिम्मेदारी देता है कि वह इस बदलाव का अनुमान लगाएं और छात्रों को इसके अनुरूप तैयार करें। विदेशी विश्वविद्यालयों के आने से भारतीय विश्वविद्यालयों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इससे भारतीय संस्थानों को भी अपने मानक सुधारने की प्रेरणा मिलेगी। छात्रों को कम कीमत पर बेहतरीन शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय कोर्स मिलेंगे। इससे भारत की युवा आबादी को समृद्ध और सक्षम बनाने में मदद मिलेगी। भारत में छात्र गतिशीलता और वैश्विक शिक्षा का आदान-प्रदान नया नहीं है। तक्षशिला, नालंदा, वल्लभी, विक्रमशिला, शारदा, भद्रकाशी, पुष्पगिरी और उदन्तगिरी जैसे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालय 7वीं शताब्दी ईसा पूर्व में शिक्षा के वैश्वीकरण के प्रतिष्ठित उदाहरण हैं। उच्च शिक्षातंत्र में सरकारी निवेश बढ़ाने की भी जरूरत है। अगर सरकार ऐसा नहीं करना चाहती है तो पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बढ़ाने की दिशा में विचार किया जा सकता है। विदेशी संस्थानों और स्वदेशी औद्योगिक घरानों को 49 प्रतिशत हिस्सेदारी देकर निवेश बढ़ाया जा सकता है। ऐसा करके ही धन की कमी, खस्ताहाल आधारभूत ढांचे और लालफीताशाही से जूझ रहे भारतीय संस्थानों में प्राण फूंके जा सकते हैं।

इन संस्थानों के प्रबंधन और प्रशासनिक तंत्र को भी राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाने एवं पेशेवर बनाने की दरकार है। उच्च शिक्षा को हमें उद्योग के अनुरूप पाठ्यक्रम, जरूरी इंटर्नशिप और नियोक्ताओं के साथ औपचारिक साझेदारी जरूरी शर्त माना जाना चाहिए। इन संस्थाओं को केवल अभिजात्य और अमीर वर्ग के लिए अवसर न बनकर हाशिए पर रहने वाले और वंचित वर्गों से आने वाले छात्रों के हितों की रक्षा भी करनी चाहिए और उनके समावेशन के लिए विशेष प्रावधान भी करने चाहिए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के घोषित लक्ष्य, जो कि उच्च शिक्षा के माध्यम से मानव की पूर्ण क्षमता को विकसित करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उसकी राष्ट्र की प्रगति में भूमिका सुनिश्चित करना है, को ध्यान में रखते हुए हमें सीखने की प्रक्रिया में बदलाव कर वर्तमान समय की मांग के अनुरूप नए दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। व्यवस्था के लिए चेतावनी है कि अगर समय रहते बदलाव नहीं किए गए तो भारत में एक ऐसा संकट खड़ा हो सकता है जहां डिग्रियों की संख्या तो बहुत होगी, लेकिन रोजगार के अवसर कम होंगे। यह असंतुलन न सिर्फ छात्रों के भविष्य को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर डालेगा।

## राशिफल

**मेष राशि :-** विशेष कार्य स्थगित रखें, अचानक घटना का योग बन सकता है सावधान रहें।

**वृष राशि :-** सफलता के साधन जुटायें, अन्यथा आरोप व क्लेश संभव है।

**मिथुन राशि :-** अधिकारियों से मेल-मिलाप स्थगित रखें, क्लेश व अशांति का वातावरण बनेगा।

**कर्क राशि :-** विरोधी प्रबल होंगे, परेशानी से बचिये, जल्दबाजी से कार्य में हानि हो सकती है।

**सिंह राशि :-** भाग्य का सितारा प्रबल होगा, मान-प्रतिष्ठा, सुख के साधनों में वृद्धि होगी।

**कन्या राशि :-** कुटुम्ब की समस्यायें सुलझेंगी, धन का व्यय होगा, सुख में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :-** संतान से सुख एवं सम्पन्नता के योग बनेंगे, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक राशि :-** कार्य-कुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बनेंगे, इष्ट मित्रों से परेशानी होगी।

**धनु राशि :-** कार्य-व्यवसाय उत्तम, किराना-कपड़ा व्यवसाय अवश्य ही बढ़ेगा।

**मकर राशि :-** स्त्री कष्ट, समय और धन नष्ट होगा, स्वभाव में बेचैनी अवश्य बनेगी।

**कुंभ राशि :-** षड़यंत्र व कष्टप्रद स्थिति सामने आयेगी, कुटुम्ब के लोग पीड़ा पहुंचायेंगे।

**मीन राशि :-** धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, व्यवसाय की चिन्ता होगी।

## झड़ते बालों ने कर दिया है परेशान, तो घर पर ही बनाएं नेचुरल हेयर

जब भी बालों से जुड़ी परेशानियों की बात होती है तो हेयर फॉल का नाम जरूर लिया जाता है। झड़ते बालों की समस्या का सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। इसके पीछे कई वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं, जैसे स्ट्रेस, पॉल्यूशन, खराब डाइट, हार्मोनल असंतुलन या फिर केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना। ऐसे में हम सभी तरह-तरह के हेयर प्रोडक्ट्स की तरफ भागते हैं। हेयर फॉल को कम करने के लिए हेयर सीरम काफी पॉपुलर है। लेकिन मार्केट में मिलने वाले बहुत से हेयर सीरम सिर्फ. बालों पर कोट करते हैं और टेम्परारी शाइन देते हैं, लेकिन वे असल में जड़ों को मजबूत नहीं करते। लेकिन इस चक्कर में हम सभी अपने हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप घर पर ही हेयर सीरम बनाकर उसे अप्लाई करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको हेयर फॉल को रोकने के लिए घर पर ही सीरम बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-



एलोवेरा और कैस्टर ऑयल से बनाएं हेयर सीरम

अगर आप हेयर फॉल को रोकने के साथ-साथ बालों की अच्छी ग्रोथ भी चाहते हैं तो यह हेयर सीरम आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। जहां एलोवेरा स्कैल्प की जलन को शांत करने, डैंड्रफ कम करने और बालों की जड़ों को हाइड्रेट करने में मदद करता है, वहीं कैस्टर ऑयल स्कैल्प में ब्लड सकुर्लेशन बेहतर करता है और बालों की जड़ों को मजबूत करता है।

आवश्यक सामग्री

2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल

1 टेबलस्पून कैस्टर ऑयल

1 टेबलस्पून नारियल तेल

5 बूंद रोजमेरी ऑयल (ऑप्शनल)

बनाने का तरीका-

सभी सामग्री को एक छोटे कटोरे में तब तक मिलाएं जब तक यह स्मूद न हो जाए।

इसे एक छोटी कांच की बोतल में स्टोर करें।

स्कैल्प पर कुछ बूंदें लगाएं और 5 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें।

रात भर या कम से कम 1 घंटे के लिए छोड़ दें।

गुलाब जल और विटामिन ई से बनाएं सीरम

अगर आपके ऑयली हेयर हैं तो ऐसे में आप इस सीरम को बना सकते हैं। यह ना केवल ऑयली स्कैल्प को कंट्रोल करता है, बल्कि स्कैल्प की सूजन से होने वाले बालों के झड़ने को कम करता है। साथ ही साथ, इससे बालों में एक चमक भी आती है।

आवश्यक सामग्री

3 टेबलस्पून गुलाब जल

1 टेबलस्पून एलोवेरा जेल

1 विटामिन ई कैप्सूल

कैसे बनाएं

सबसे पहले सब कुछ अच्छी तरह मिलाएं और एक स्प्रे बोतल में स्टोर करें।

स्कैल्प और बालों पर हल्का स्प्रे करें।

ग्रीन टी और एलोवेरा से बनाएं हेयर सीरम

अगर आपके बाल पतले हैं तो ऐसे में आप ग्रीन टी और एलोवेरा से हेयर सीरम बनाकर लगाएं। यह ना केवल बालों की डेंसिटी बढ़ाता है, बल्कि शाइन और सॉफ्टनेस भी लाता है।

आवश्यक सामग्री

3 टेबलस्पून ग्रीन टी

1 टेबलस्पून एलोवेरा जेल

1 टीस्पून बादाम का तेल

बनाने का तरीका-

सबसे पहले सभी सामग्री को मिक्स करें और एक बोतल में स्टोर करें।

## महंगे छ्स्त्र इ' छोड़िए! चुकंदर-एलोवेरा से बनाएं ये जेल



होठों के सूखेपन और पपड़ी निकलने की समस्या से छुटकारा पाने के लिए घर पर एक खास लिप जेल तैयार करें। चुकंदर, एलोवेरा और विटामिन ई से बना यह घरेलू उपाय फटे होठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है।

महिलाएं अपने चेहरे को सुंदर बनाने के लिए कई प्रयास करती है, लेकिन कुछ छोटी-छोटी चीज हमारे चेहरे की खूबसूरती को कम कर देती है। जैसे होठों का रुखापन या होठों की पपड़ी निकलना भी एक आम समस्या है, जिसकी वजह से अधिकत्तर परेशान रहती है।

फटे होठों के लिए एक खास उपाय

यदि आप फटे होंठ को गुलाबी और मुलायम बनाना चाहती हैं, तो आपको परेशान होने की जरुरत नहीं है। इस लेख हम आपको ऐसे लिप जेल के बारे में बताएंगे, जिसे कम खर्च में घर पर तैयार कर सकती हैं।

लिप जेल बनाने के लिए सामग्री

- चुकंदर का रस
- एलोवेरा जेल
- विटामिन ई कैप्सूल
- नारियल तेल

लिप जेल बनाने का तरीका

- लिप जेल बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में ताजा एलोवेरा जेल लें।
- अब इस एलोवेरा में थोड़ा चुकंदर का जूस निकालकर मिक्स कर दें।
- फिर दोनों को अच्छे से मिला लें। इसके बाद थोड़ा नारियल तेल और विटामिन ई कैप्सूल भी ऐड कर सकते हैं।
- आखिर में इन सभी सामग्री को अच्छे से फेंट लें। अब आपका होममेड लिप जेल बनकर तैयार है।
- इसके आप एयरटाइट डिब्बे में भरकर रख दें।
- रोजाना रात को सोने से पहले लिप जेल होठों पर इस्तेमाल कर सकती हैं।
- रात भर इसे लगा रहने दें, दूसरे दिन अपने चेहरे के साथ होंठों को भी धो लें।
- यदि आप इस लिप जेल का पहली बार प्रयोग करें, तो पैच टेस्ट जरुर करें। इसके बाद ही इस्तेमाल करें।

## कलचुरी फैमिली क्लब द्वारा मनाई गई रंग पंचमी

जबलपुर, विगत दिवस कलचुरी क्लब द्वारा रंगों का पर्व रंगपंचमी पाइन वैली रिसॉर्ट में धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर सदस्यों द्वारा एक दूसरे पर रंग गुलाल डाला गया और होली गीतों पर जोरदार नृत्य का आयोजन किया गया।क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम का संयोजन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलचुरी क्लब के रवींद्र- शशि चौकसे, राजेन्द्र- सीमा राय, श्री चंद- कल्पना चौकसे, विद्याशंकर- किरण राय, मिथलेश आशा चौकसे, श्याम मनोरमा राय, संदीप -प्रीति चौकसे, कौशलेंद्र- कल्पना महाजन, राजीव चौकसे, संजय -रोजी महाजन, सुरेंद्र- जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधिराय, रामजस-कृष्णा चौकसे, प्रिया,सागर -रुचिका, सिद्धार्थ -रूपाली चौकसे , संस्कार महाजन व बच्चे रणबीर राजबीर चौकसे, रेवांशी, अथर्व चौकसे , कियाना,रुशांक महाजन आदि सदस्य उपस्थित थे।



## रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की ने समझदार उपभोक्ताओं के लिए एक नया, अभिनव लुक पेश किया




जबलपुर। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की ने अपनी नई और अलग पहचान पेश की है, जो समझदारी से चयन करने की उसकी फिलॉसफी को और मजबूत करती है। यह नया लुक एक आकर्षक और ऊंचे डिजाइन के साथ पेश किया गया है, जो उन लोगों के लिए है जो चयन की शक्ति और उत्कृष्ट शिल्प की कद्र करते हैं। नए लुक में अब पहले से ज्यादा ऊंची और आकर्षक बोतल है, जो बेहद एलिगेंट दिखाई देती है। इसके साथ प्रीमियम क्लियर-ऑन-क्लियर लेबल दिया गया है, जो इस श्रेणी में पहली बार पेश किया गया है। इस उत्पाद को मास्टर ब्लेंडर केविन बाल्मफोर्थ का समर्थन प्राप्त है, जो इसकी प्रामाणिकता और विशेषज्ञता को दशार्ता है। रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की की हर बोतल ह्यट्रिपल सिलेक्ट प्रॉमिसह्न के भरोसे के साथ तैयार की जाती है। इसमें तीन बेहतरीन विशेषताएं शामिल हैं: सिलेक्ट इंडियन ग्रेन स्पिरिट्स, सिलेक्ट स्कॉच माल्ट्स और सिलेक्ट अमेरिकन ओक बैरल में परिपक्व किया गया मिश्रण। इसका परिणाम एक ऐसा बेहतरीन ब्लेंड है, जो उच्चतम स्तर की कारीगरी और गुणवत्ता को दशार्ता है। यह ब्रांड की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसके तहत चुनिंदा और समझदार उपभोक्ताओं के लिए असाधारण स्वाद तैयार किया जाता है। नए लुक के बारे में बताते हुए पर्नोड रिकार्ड इंडिया के जीएम-मार्केटिंग जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, ह्लरॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की का यह नया और अलग डिजाइन उस हर बात को दशार्ता है जिसके लिए यह ब्रांड जाना जाता है-समझदारी से चयन, प्रामाणिकता और प्रगतिशील सोच।




एक सचिव जनपद और जिला पंचायत पर पड़ रहा भारी

# सालों से गायब अरविंद सनोडिया पर क्यों मेहरबान प्रशासन?




**विनोद दुबे, जिला ब्यूरो**

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** सिवनी जिले की जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहका (फुलारा) में पदस्थ रहे सचिव अरविंद सनोडिया पिछले एक वर्ष से अधिक समय से पंचायत से गायब बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा लगातार अलग-अलग माध्यमों से शिकायत किए जाने के बाद प्रशासन ने सचिव को ह्नो वर्क नो पेह्न कर दिया और पंचायत का प्रभार फुलारा के सचिव को सौंप दिया गया। इसके बावजूद जनपद पंचायत और जिला पंचायत प्रशासन अब तक पूर्व सचिव से अधूरे कार्यों और निकाली गई राशि का पूरा हिसाब नहीं ले पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में कई विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं और आशंका है कि पूर्व सचिव द्वारा इन कार्यों की राशि निकाल ली गई है। ग्रामीणों के अनुसार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अब तक सचिव से विधिवत चार्ज नहीं दिलवाया, जिससे पुराने कार्यों की जानकारी भी सामने नहीं आ पा रही है। वहीं नए सचिव को पुराने कार्यों का पूरा रिकॉर्ड न होने के कारण कामकाज में परेशानी हो रही है और कई विकास कार्य अधर में लटके हुए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल मामले की जांच कर पूर्व सचिव से लंबित कार्यों का हिसाब लिया जाए, अधूरे कार्य पूरे कराए जाएं और आवश्यक होने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत में विकास कार्य फिर से पटरी पर आ सकें।




## नवरात्रि व शतचंडी यज्ञ के बड़े आयोजन से पहले सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता, दुर्घटना की आशंका

# मंदिर परिसर व आंगनवाड़ी के पास लगा ट्रांसफार्मर बना खतरा, ग्रामीणों ने हटाने की उठाई मांग



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - विद्युत वितरण केंद्र गोपालगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोहगांव (सड़क) में मंदिर परिसर और आंगनवाड़ी केंद्र के पास लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बन गया है। यहां माता मंदिर परिसर और आंगनवाड़ी केंद्र में छोटे बच्चों सहित ग्रामीणों का दिनभर आना-जाना लगा रहता है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर परिसर के बिल्कुल नजदीक ट्रांसफार्मर स्थापित है तथा उसके ऊपर से 11 केवी की हाईटेंशन लाइन भी गुजर रही है। ऐसे में यहां खेलने वाले बच्चों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं, जिससे स्थिति और भी जोखिमपूर्ण हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि आगामी दिनों में मंदिर परिसर में शतचंडी यज्ञ सहित नवरात्रि पर्व के दौरान भव्य धार्मिक आयोजन प्रस्तावित हैं। इसे देखते हुए उन्होंने संबंधित विद्युत विभाग को लिखित शिकायत देकर ट्रांसफार्मर को किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया तो भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए भी मजबूर होंगे।

# अनुष्का ठाकुर, ईशा सनोडिया और नियति बघेल का क्रिकेट अंडर-15 डिवीजन टीम में चयन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** जिले के लिए गर्व की बात है कि डीपीसी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल की तीन छात्राओं अनुष्का ठाकुर, ईशा सनोडिया और नियति बघेल का चयन क्रिकेट अंडर-15 डिवीजन टीम में हुआ है। छात्राओं के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और निरंतर अभ्यास के कारण उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के संचालक डॉ. के.के. चतुर्वेदी एवं शिक्षकों ने छात्राओं की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अमिता चतुर्वेदी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। छात्राओं की इस सफलता का श्रेय क्रीड़ा प्रभारी मनीष चौरसिया और रागिनी कुम्हारे को भी दिया गया है, जिनके मार्गदर्शन में छात्राओं ने यह मुकाम हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता, परिजन तथा विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी ने उम्मीद जताई है कि वे आगे भी अपने शानदार प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## आदिवासी किसान को 1.89 लाख का वसूली नोटिस, जांच और कार्रवाई कागजों में सिमटी

# कर्ज लिया नहीं, फिर भी समिति ने बना दिया कर्जदार, लालपुर सहकारी समिति का कारनामा उजागर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी - बरघाट विकासखंड अंतर्गत आने वाली आदिम जाति सहकारी समिति लालपुर एक बार फिर अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। यहां एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें एक आदिवासी किसान ने समिति से न तो नगद कृषि ऋण लिया और न ही खाद, फिर भी समिति के रिकॉर्ड में उसे कर्जदार बना दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब किसान के घर बैंक की वसूली टीम नोटिस लेकर पहुंची।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति के अंतर्गत आने वाले ग्राम ताखला निवासी आदिवासी किसान सूरजलाल धुर्वे उस समय हैरान रह गए जब बैंक की वसूली टीम उनके घर 1 लाख 89 हजार रुपये के कर्ज की वसूली के लिए पहुंची। तब उन्हें पता चला कि उनके नाम पर समिति से वर्ष 2020-21 में ऋण उठाया गया है, जबकि किसान का कहना है कि उन्होंने कभी भी समिति से कर्ज नहीं लिया। बताया जाता है कि सूरजलाल धुर्वे अधिकतर समय रोजी-रोटी कमाने के लिए नागपुर (महाराष्ट्र) में रहते हैं। जब उन्हें इस मामले की जानकारी मिली तो वे अपनी पत्नी के साथ बैंक पहुंचे और शाखा प्रबंधक को पूरी स्थिति से अवगत कराया। हालांकि समस्या का समाधान नहीं होने पर वसूली कार्रवाई से बचने के लिए उन्होंने मजबूरी में 30 हजार रुपये जमा भी कर दिए।

### पिछली जांच भी सवालों के घेरे में

आदिम जाति सहकारी समिति लालपुर में अनियमितताओं के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। बताया जाता है कि उपायुक्त पंजीयक कार्यालय के निर्देश पर जांच दल ने बारदाना हेराफेरी के मामले में जांच कर वसूली के निर्देश दिए थे, लेकिन करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्रवाई कागजों तक ही सीमित है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के चलते जांच की कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। किसानों का कहना है कि



समिति में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कई बार हुई, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से किसानों का भरोसा टूटता जा रहा है।

### कलेक्टर के निर्देश पर भी अमल नहीं

जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर के निर्देश पर लगभग 7 से 70 लाख रुपये के बारदाने की वसूली कर राशि मध्यप्रदेश सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड सिवनी में जमा कराना था, लेकिन संबंधित विभाग अब तक इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि कलेक्टर के निर्देशों का ही पालन नहीं हो रहा है तो आम किसानों की शिकायतों पर क्या कार्रवाई होगी।

### प्रशासक की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

वर्तमान में समिति की जिम्मेदारी प्रशासक डी.के. डहेरिया के पास बताई जा रही है, जिनके अधीन बरघाट विकासखंड की कई समितियां संचालित हो रही हैं। आरोप है कि समिति के संचालन और किसानों के हित में अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समिति में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में किसानों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसानों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी न हो।




# एआरटी सेंटर में शिविर आयोजित, 152 पीएलएचआईवी मरीजों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** परियोजना संचालक मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के दिशा-निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बुधवार 11 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय सिवनी स्थित एआरटी सेंटर में पीएलएचआईवी (ढछऌकश्) मरीजों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 152 पीएलएचआईवी मरीजों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय सिवनी के सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार नावकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार नावकर का स्वागत एआरटी सेंटर के डाटा मैनेजर अवनेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सीएमएचओ डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पीएलएचआईवी मरीजों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है, ताकि उन्हें उपचार के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सहयोग भी मिल सके। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 1124 पीएलएचआईवी मरीज नियमित रूप से एआरटी दवाइयों का सेवन कर रहे हैं और इन शिविरों के माध्यम से उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार नावकर ने कहा कि एआरटी सेंटर में पंजीकृत मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना भी जरूरी है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार हो सके। वहीं एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से पीएलएचआईवी मरीजों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

श्रम विभाग के अधिकारी ने संबल कार्ड, श्रम कार्ड सहित श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। वहीं दलप्रताप सिंह पैगाम (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी) ने खाद्य विभाग की राशन एवं खाद्य सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। भगवानदास डहेरिया (उद्योग विभाग) ने स्वरोजगार योजनाओं के बारे में बताया, जबकि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पार्वती डहेरिया ने निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। इसके अलावा प्रकाश उइके, कौशल प्रसाद सनोडिया, अरुण कुमार, मुकेश सोमारे एवं विवेक जैसवाल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। शिविर में उपस्थित मरीजों ने विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों से अपने प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मरीजों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अंशुदीप निकोसे, संजय दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एआरटी सेंटर, डीएसआरसी एवं आईसीटीसी स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सचिव ने नहीं लिया चार्ज, नल-जल योजना ठप; जनसुनवाई में कलेक्टर से की शिकायत

# अरी ग्राम में पानी को लेकर हाहाकार बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण







**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी - जनपद पंचायत की सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में शामिल ग्राम अरी इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रही है। गांव में पानी की समस्या को लेकर हालात इतने खराब हो गए हैं कि ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। परेशान ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है।**

ग्रामीणों का कहना है कि कहने को तो अरी जनपद की सबसे बड़ी पंचायत है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते पंचायत अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के कुछ छोटे-मोटे नेता नहीं चाहते कि यहां सरपंच की नियुक्ति हो और विकास कार्य आगे बढ़ें, जिसके कारण पंचायत में लंबे समय से प्रशासनिक अव्यवस्था बनी हुई है। बताया गया कि पिछले लगभग चार माह से सचिव महेश गौतम द्वारा पंचायत का चार्ज नहीं लिया गया है। हालांकि उनकी उपस्थिति दर्ज होती है, लेकिन बार-बार हो रही शिकायतों के चलते वे पंचायत का पूर्ण प्रभार लेने से बच रहे हैं। इसके कारण किसी के पास भुगतान के अधिकार नहीं हैं और पंचायत के कई काम ठप पड़े हुए हैं। चार्ज नहीं होने के कारण नल-जल योजना भी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है, जिससे गांव के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव के बीच स्थित हैंडपंपों में खारा पानी निकलता है, इसलिए ग्रामीणों की उम्मीद नल-जल योजना से मिलने वाले पानी पर ही टिकी रहती है। इसी बीच गांव के कुछ जागरूक नागरिक रकीब खान, अब्दुल खान, अफजल खान, संतोष यादव, कृष्ण कुमार यादव, गुड्डू खान, समीर खान, बासिद खान, गौरीशंकर नागपुरे, टेकचंद, अजीज खान, अकबर खान और आमिर खान ने चंदा एकत्र कर खराब मोटर को निकलवाकर दूसरी मोटर लगवाई, ताकि ग्रामीणों को अस्थायी रूप से पानी मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में मुस्लिम समुदाय के रोजे चल रहे हैं और जल्द ही चैत्र नवरात्र भी शुरू होने वाले हैं। वहीं गर्मी का असर भी बढ़ने लगा है, ऐसे में पानी की समस्या और गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मध्यावधि चुनाव के दौरान लगभग सात माह पहले लगाए गए टेंट, भोजन व्यवस्था करने वालों और नल-जल योजना में कार्यरत कर्मचारियों का भुगतान भी अब तक नहीं हो सका है, क्योंकि किसी के पास भुगतान के अधिकार नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जनपद और जिला पंचायत के अधिकारी इस समस्या को लेकर कितनी जल्दी पहल करते हैं या फिर ग्राम अरी के लोग इसी तरह परेशानी झेलते रहेंगे।

# तकनीकी समस्या से अटका गेहूं उपार्जन पंजीयन, तिथि 15 मार्च तक बढ़ाने का आग्रह



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्याओं के कारण पंजीयन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय को पत्र भेजकर पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 तक बढ़ाने का आग्रह किया है। पत्र में बताया गया है कि पोर्टल में तकनीकी समस्या और सर्वर की धीमी गति के कारण पंजीयन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन बहुत धीमी गति से हो रहा है। कई किसानों को मोबाइल पर ओटीपी नहीं मिलने की समस्या भी सामने आ रही है, जिससे उनके पंजीयन में दिक्कत आ रही है। इन समस्याओं के चलते पंजीयन केंद्रों पर किसानों की भीड़ बढ़ रही है और असंतोष की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति को देखते हुए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन अवधि 15 मार्च तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

# 15 मार्च को सिवनी आएंगे प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा कोर कमेटी की बैठक में होंगे शामिल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा 15 मार्च 2026 को सिवनी जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री वर्मा 15 मार्च को प्रातः 6:20 बजे सिवनी पहुंचेंगे। दौरे के दौरान प्रभारी मंत्री श्री वर्मा दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी के सभाकक्ष में आयोजित जिला कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। बैठक के पश्चातमंत्री श्री वर्मा नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# चैत्र नवरात्रि वाहन रैली की तैयारी को लेकर बैठक



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष निकलने वाली भव्य वाहन रैली की तैयारियों को लेकर हिंदू युवा उत्सव समिति सिवनी द्वारा राम मंदिर परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक रात्रि 8:30 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी, युवाओं एवं समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर रैली की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में वाहन रैली को भव्य, अनुशासित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार किया गया। रैली के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, सजावट, ध्वज एवं अन्य तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां भी तय की गईं। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर चैत्र नवरात्रि की वाहन रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। समिति के सदस्यों ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं और धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करें। समिति के अनुसार 19 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे मिशन स्कूल ग्राउंड सिवनी से भव्य वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। आयोजन झ हिंदू युवा उत्सव समिति, सिवनी।



# मप्र में 2 दिन से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप

## पारंपरिक ईंधन के इस्तेमाल पर जुमार्ना, लेकिन इंदौर में अफसर बोले- लकड़ी, कंडे, भट्ठी जलाएं

भोपाल। ईरान-इजराइल युद्ध के असर से मध्य प्रदेश में 2 दिन से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप है। इस वजह से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट इंडस्ट्रीज पर आया है। वहीं, जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है। जिन घरों में शादी है, वे कैसे होंगी? अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां हैं। होटल, रेस्टॉरेंट कारोबार और शादियों के अलावा सोना-चांदी आभूषण बनाने वाले कारीगरों और रेहड़ी पर भी संकट खड़ा हो गया है। भोपाल सराफा एसोसिएशन के नवनीत अग्रवाल ने




बताया कि शहर में करीब 3 हजार कारीगर काम करते हैं। हर कारीगर को महीने में औसतन 3 सिलेंडर की जरूरत होती है। इस हिसाब से सराफा कारोबार में महीने भर में करीब 9 हजार सिलेंडर इस्तेमाल होते हैं, यानी रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। वहीं इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी, कंडा, भट्?ठी जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। फूड कंट्रोलर एमएल मारू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समस्या के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रोक के बाद मंगलवार को कैटरिंग संगठन की बैठक ली गई थी, जिसमें कैटरिंग व्यवसाय से जड़े लोगों को एलपीजी सिलेंडर के स्थान पर पारंपरिक ईंधन स्रोत अपनाने की सलाह दी गई है। बता दें कि लकड़ी, कोयला, कंडा आदि पारंपरिक ईंधन, भट्?ठी और तंदूर जलाने से प्रदूषण होता है। इस पर 10 हजार रुपए तक जुमार्ने का प्रावधान है। वहीं बैठक के बाद कैटरिंग संगठन ने शादियों में अब 100 तरह के पकवान के बजाय 15 तरह के पकवान तैयार करने का ही फैसला किया है।

# भोपाल में माइनिंग कारोबारी पर इनकम टैक्स का छापा

## दिलीप गुप्ता के घर दिल्ली की IT टीम ने मारी रेड


दिलीप गुप्ता

भोपाल। राजधानी भोपाल में आयकर विभाग ने माइनिंग कारोबारी दिलीप गुप्ता के ठिकानों पर बुधवार सुबह छापा मारा है। दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने शहर के कई स्थानों पर एक साथ रेड डालकर जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की टीम सुबह से ही दिलीप गुप्ता के भोपाल स्थित ठिकानों पर पहुंच गई। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच शुरू की।

**दस्तावेज और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच जारी :** छापे की कार्रवाई के दौरान आयकर अधिकारी कारोबारी से जुड़े कागजात, बैंक लेनदेन और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की पड़ताल कर रहे हैं। टीम पूरे मामले में आय और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही है।

**पहले ईओडब्ल्यू भी कर चुकी है छापेमारी :** इससे पहले आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भी दिलीप गुप्ता के भोपाल स्थित दो ठिकानों पर छापा मार चुका है। उस कार्रवाई में टीम को बड़ी मात्रा में नकदी, दस्तावेज और कई महत्वपूर्ण फाइलें मिली थीं। फिलहाल आयकर विभाग की टीम जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों के अनुसार दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया रचना टॉवर का दौरा

## रचना टॉवर परिसर में होगा सौंदर्यीकरण, पार्क, ओपन जिम और पोल लाइट लगाने के निर्देश

भोपाल। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत स्थित रचना टॉवर परिसर का दौरा कर क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। नागरिकों द्वारा क्षेत्र में बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं और सौंदर्यीकरण की मांग को ध्यान में रखते हुए मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को रचना टॉवर के समक्ष स्थित पेविंग के समीप सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस स्थान को व्यवस्थित और आकर्षक रूप देने के लिए यहां पार्क का विकास किया जाएगा, जिससे




क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि पार्क के साथ ही यहां ओपन जिम की भी व्यवस्था की जाए, जिससे क्षेत्र के नागरिक नियमित रूप से व्यायाम कर सकें और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती आबादी को देखते हुए इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क और ओपन जिम क्षेत्र की फेंसिंग कर उसे सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जाए। मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रचना टॉवर के समक्ष पोल लाइट लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रचना टॉवर परिसर के सौंदर्यीकरण से संबंधित सभी कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर शीघ्रता से कार्य प्रारंभ किया जाए, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# उपलब्धियों के उत्सव से शुरू होती भविष्य की बड़ी जिम्मेदारियाँ : राज्यपाल श्री पटेल

## गरीब और वंचितों का जीवन बेहतर बनाने में ज्ञान से करें सहयोग

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने युवाओं से कहा कि आज का समारोह उनके जीवन की उपलब्धियों का उत्सव तो है, लेकिन यह उनके भविष्य की बड़ी जिम्मेदारियों की शुरूआत भी है। उन्होंने युवाओं से अपेक्षा की कि वे संवेदना, सेवा और सहयोग के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें और अपने हौसले तथा हुनर से गरीब, वंचित और जरूरतमंदों का जीवन बेहतर बनाने में योगदान दें। गरीब बस्तियों में जाकर जरूरतमंदों की मदद को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और अपने ज्ञान को सार्थकता प्रदान करें। राज्यपाल श्री पटेल ने मंगलवार को स्वशासी संस्थान टेक्नोक्रेट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (टी.आई.टी.) के वार्षिक ह्यप्लेसमेंट डेह्व समारोह को संबोधित कर रहे थे।





राज्यपाल श्री पटेल ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनका स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया।राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और हायरिंग कम्पनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया। राज्यपाल श्री पटेल ने ह्यप्लेसमेंट डेह्व के अवसर पर रोजगार प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके गुरुजनों और अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को विकसित भारत का कर्णधार मानते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्टार्टअप, कौशल विकास और डिजिटल इंडिया जैसे अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को नए पंख मिले हैं। उन्होंने वैश्विक मानकों और अपेक्षाओं के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने के प्रयासों के लिए टी.आई.टी. ग्रुप से जुड़े सभी सहयोगियों को साधुवाद दिया। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री अजय विश्नोई ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सामान्य हवा और हीलियम से भरे गुब्बारों के प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान की शक्ति का महत्व बताया। उन्होंने असफलता को सफलता में बदलने के लिए स्वयं की कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस.के. जैन, संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती साधना करसोलिया और विभिन्न कंपनियों के कैंपस हायरिंग प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य संरक्षक श्री रामराज करसोलिया भी मंचासीन थे।

# परासिया में इफ्तारी के बाद दो पक्षों में झंगड़ा

### गाली-गलौज के बाद डंडे-पत्थर चले; पुलिस ने किया क्रॉस FIR

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के परासिया में मंगलवार रात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना पुराने नेरोगेज रेलवे स्टेशन क्षेत्र की बताई जा रही है। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के बाद डंडे, पत्थर और खाना बनाने के सामान तक चलने लगे। जानकारी के अनुसार पीटीसी कॉलोनी और भांडा मोहल्ला के कुछ युवक किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि नमाज के बाद रोजा इफ्तारी के दौरान विवाद की शुरूआत हुई, जो बाद में मस्जिद परिसर से सड़क तक पहुंच गया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई।



घटना की सूचना मिलते ही परासिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर थाने लाया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी एकत्रित हो गए थे, जिससे कुछ देर के लिए क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों के बीच अलग-अलग जगहों पर भी झड़प हुई है। मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# अस्पताल में सीजर के दो दिन बाद प्रसूता की मौत

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में एक प्रसूता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रसूता गायनिक वार्ड के बाथरूम के बाहर अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसके बाद डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार दमुआ के डुंगरिया भरदागढ़ निवासी 29 वर्षीय कलावती पति सुमर शाह को 7 मार्च को प्रसव पीड़ा के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले ही उसका सीजर ऑपरेशन हुआ था, जिसमें उसने एक बेटे को जन्म दिया था।

**2 दिन पहले बेटे को दिया था जन्म :** मंगलवार को कलावती गायनिक वार्ड के बाथरूम गई थी। बाथरूम से बाहर निकलते ही वह अचानक बेहोश होकर गिर गई। अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों ने तत्काल जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृत्यु का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आज शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की बेटी की हार्ट अटैक से मौत

### बुधवार की सुबह फिजियोथेरेपी कराई थी, दोपहर में चली गई जान; लंबे समय से बीमार थीं

बैतूल। मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बेटी सुरभि खंडेलवाल (34) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर खंडेलवाल की बेटी के निधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे एक स्पेशल चाइल्ड थीं। लंबे समय से बीमार थीं। बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे उनकी रूटीन फिजियोथेरेपी हुई थी। इसके कुछ देर बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई। दोपहर करीब 12:00 बजे जान चली गई। उन्होंने शोक जताया है। वहीं बेटी की मौत की खबर मिलते ही हेमंत खंडेलवाल भोपाल से बैतूल पहुंच गए हैं। शाम 5 बजे बैतूल गंज में उनके घर से अंतिम यात्रा शुरू होगी। कोठी बाजार मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**सुरभि स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रही थीं :** परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक, सुरभि बचपन से ही स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही थीं। उनकी तबीयत नाजुक थी, जिस वजह से परिवार लगातार उनकी सेहत का ध्यान रख रहा था। उनका रेगुलर इलाज चल रहा था। वहीं सुरभि की मौत की खबर मिलते ही जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जान-पहचान वालों ने शोक जताया।

# खस्ताहाल 20 साल पुराने मचुर्री की जगह बनेगा नया भवन

## दो अतिरिक्त फ्रीजर बढ़ जाएंगे, छह शव रखे जा सकेंगे

बैतूल। जिला अस्पताल में जल्द ही एक आधुनिक मचुर्री भवन बनाया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक हेमंत खंडेलवाल ने खस्ताहाल मचुर्री को देखकर नए भवन बनाने के निर्देश दिए। बता दें अस्पताल परिसर में मौजूद मौजूदा मचुर्री भवन करीब 20 साल पुराना है और अब जर्जर हालत में है। दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है और कई जगह दरारें भी आ गई हैं। इसके कारण यहां काम करने वाले कर्मचारियों और शव लेकर आने वाले परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**सीमित फ्रीजर से बढ़ता है दबाव :** अस्पताल में फिलहाल दो फ्रीजर उपलब्ध हैं, जिनमें कुल चार शव रखने की क्षमता है। जबकि जिला अस्पताल में हर महीने औसतन करीब 50 पोस्टमार्टम किए जाते हैं। कई बार एक ही दिन में पांच से छह पोस्टमार्टम तक हो जाते हैं, जिससे शवों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था पर दबाव बढ़ जाता है।

**नई मचुर्री में बढ़ेंगी सुविधाएं :** प्रस्तावित नई मचुर्री में मौजूदा सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। वर्तमान दो फ्रीजर के अलावा एक और बड़ा फ्रीजर लगाया जाएगा, जिससे कुल दो अतिरिक्त फ्रीजर बढ़ जाएंगे और शव रखने की क्षमता बढ़कर छह तक हो जाएगी। नई मचुर्री में शवों के संरक्षण के लिए बेहतर कोल्ड स्टोरेज, सुरक्षित पोस्टमार्टम कक्ष और कर्मचारियों के लिए आधुनिक कार्यस्थल की व्यवस्था भी की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि मचुर्री के एस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को पत्र भेजा गया है। इस प्रस्ताव को साधारण सभा की बैठक में भी रखा जाएगा। निर्माण के लिए राशि रोगी कल्याण समिति और विधायक निधि से उपलब्ध कराई जाएगी। पीडब्ल्यूडी के सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित भवन की लागत लगभग 40 लाख रु आएगी। फिलहाल इसका आकलन किया जा रहा है। जिसका जल्द ही स्टीमेट बनाया जाएगा। इसके। लिए विधायक अपनी निधि से आवश्यक राशि उपलब्ध कराएंगे जबकि शेष राशि रोगी कल्याण समिति मद से खर्च होगी।

**अस्पताल परिसर में ही बनेगा नया भवन :** अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित मचुर्री भवन वर्तमान भवन के पास खाली पड़ी जमीन पर बनाया जा सकता है। इससे डॉक्टरों और फॉरेंसिक टीम को पोस्टमार्टम कार्य में सुविधा होगी। नई व्यवस्था लागू होने से पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो सकेगी, साथ ही शवों के संरक्षण की बेहतर व्यवस्था भी उपलब्ध होगी।

# मुख्यमंत्री, महान शिक्षाविद सावित्रीबाई फुले के सपनों को कर रहे हैं साकार :सुश्री भूरिया

## सावित्रीबाई फुले का सपना "नारी बने शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर"

भोपाल। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महान समाजसेविका और देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के सपने को पूरा करने का कार्य कर रही है। नारी सशक्तिकरण के लिये प्रदेश में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। भारत के सामाजिक इतिहास में सावित्रीबाई फुले नाम महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की पहली अग्रदूत के रूप में आदर के साथ लिया जाता है। वे देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने ऐसे समय में बालिकाओं की शिक्षा के लिए अलख जगाई, जब समाज में महिलाओं को पढ़ाने की कल्पना भी नहीं की जाती थी। सावित्रीबाई फुले ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया और महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समानता की नींव रखी।भारत के सामाजिक इतिहास में चुनिंदा ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने अपने साहस, दूरदर्शिता और समाज के प्रति समर्पण से देश को नई दिशा दी। ऐसी ही महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत थीं सावित्री बाई फुले। उनकी पुण्यतिथि हमें पुण्य स्मरण कराती है कि महिलाओं को शिक्षा के साथ समानता के अधिकार और सम्मान के बिना समाज की वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। सावित्रीबाई फुले ने ऐसे समय में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जब समाज में महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता था। उन्होंने न केवल देश का पहला बालिका विद्यालय शुरू किया, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ भी आवाज बुलंद की। उनके प्रयासों ने महिलाओं को आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की राह दिखाई। आज उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मध्यप्रदेश सरकार भी सावित्रीबाई फुले के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाना है। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह योजना बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इसी प्रकार लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत आधार दे रही है, जिससे वे परिवार और समाज में अधिक आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं और बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए पोषण अभियान तथा आंगनवाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के समुचित पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और गर्भवती और धात्री माताओं के स्वास्थ्य तथा बालिकाओं के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं, जागरूकता अभियानों और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ कर रही है। स्व-सहायता समूहों और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार और स्व-रोजगार तथा उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सके।महान शिक्षाविद सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर हम उन्हें केवल स्मरण ही न करें, बल्कि उनके स्थापित आदर्शों को अपनाकर अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। प्रत्येक बेटी को जब शिक्षा, सम्मान और अवसर मिलेगा, तभी एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना भी है, जहां महिलाएँ आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक अवसरों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।मंत्री सुश्री भूरिया ने सभी से अपील की है कि सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर हम सभी यह संकल्प लें कि महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और सम्मान के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही एक विकसित और सशक्त भारत की दिशा में हमारा महत्वपूर्ण कदम होगा।

पुरानी रंजिश के चलते घटना की आशंका, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

# किसान के ट्रैक्टर में गांव के दबंग ने लगाई आग, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना। जिले की पुलिस चौकी महेबा अंतर्गत एक किसान के ट्रैक्टर में आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है, जिसमें गांव के ही एक व्यक्ति पर ट्रैक्टर में आग लगाने का आरोप लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जिठुवा पिता खिलइयां चौधरी (55 वर्ष) निवासी ग्राम टाई ने अपने पुत्र आनंदी चौधरी के साथ पुलिस चौकी महेबा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।**




जिठुवा चौधरी ने बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करते हैं और गांव के ही पूरन सिंह राजपूत पिता रणमत सिंह राजपूत से पिछले लगभग एक वर्ष से आपसी विवाद चल रहा है। फरियादी के अनुसार 6 मार्च 2026, शुक्रवार को वह अपने गौरैया वाले खेत से दोपहर में भोजन करने घर आए थे। उसी खेत में बने टपरे के पास उनका पावरट्रैक ट्रैक्टर (क्रमांक टढ 35 `अ 3560) खड़ा था। दोपहर करीब 3 बजे जब वह भोजन के बाद वापस खेत की ओर जा रहे थे, तभी उन्हें खेत की दिशा से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। जिठुवा चौधरी ने बताया कि जब वह खेत की ओर दौड़कर जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें पूरन सिंह राजपूत खेत की तरफ से भागते हुए मिला। पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया और वहां से चला गया। खेत पहुंचने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे मोहन चौधरी, भूरा पटेल और गंगाराम चौधरी भी मौके पर पहुंचे और सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। फरियादी को आशंका है कि पुरानी रंजिश के चलते पूरन सिंह द्वारा ही ट्रैक्टर में आग लगाई गई है। मामले में पीड़ित किसान ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं महेबा चौकी पुलिस ने आरोपी पूरन सिंह राजपूत के विरुद्ध धारा 324(5) एवं 326 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुचारू और समयबद्ध जनगणना कार्य करने ढीमरखेड़ा में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा। गत दिवस जिला प्रशासन की मंशा के अनुसार सुचारू, समयबद्ध जनगणना कार्यक्रम के अनुसार डिजिटल साधनों का उपयोग करते हुए सजकता, सटीकता एवं पारदर्शिता के साथ किए जाने हेतु बैठक जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी श्री युजवेंद्र कोरी, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित हुई।**




अधिकारियों ने ग्राम पंचायत के सचिव ,ग्राम रोजगार सहायक और पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय कार्य है। इसे पूरे मनोयोग से समय सीमा में जनगणना कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिकता देते हुए संपादित करें। यह आपकी अपनी दक्षता और अनुभवों को समृद्ध करने का बेहतर अवसर है। अधिकारियों द्वारा जनगणना कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया ताकि जनगणना कार्य पूरी शुद्धता के साथ त्रुटि विहीन हो सके।

**जनपद सीईओ श्री कोरी ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा-** जनगणना बैठक के पश्चात जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने विभागीय योजनाओं मनरेगा, स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ई केवाईसी आयुष्मान कार्ड, अपूर्ण कार्यों को मानकों के अनुरूप नियत समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कराने ग्राम पंचायत वार विस्तार से समीक्षा की। ग्राम पंचायतों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

वित्तीय अनियमितता के आठ प्रकरणों में जिपं सीईटो ने की सुनवाई

# चार जनपद पंचायतों के सरपंच और सचिव डकार गये 42 लाख

दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। जिला पंचायत की सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बुधवार को चार जनपद पंचायतों की आठ ग्राम पंचायतों की वित्तीय अनियमितता के प्रकरणों में एक-एक कर सुनवाई कर उनका पक्ष अत्यंत धैर्यपूर्वक सुना एवं विधि संगत आवश्यक कार्रवाई हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

## इन प्रकरणों में की सुनवाई

सुश्री कौर ने जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत लखनवारा,बाकल एवं कौड़ियां, जनपद पंचायत बड़वारा की भुड़सा एवं बनगवां, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत सलैया और जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत बांध एवं जिरी के निर्माण कार्यों में की गई वित्तीय अनियमितता, अमृत सरोवर, नवीन तालाब ,सीसी रोड गुणवत्ताहीन कार्यों, आवास योजना, स्ट्रीट लाइट, विकास कार्यों में भ्रष्टाचार आदि के मामलों में 42 लाख 95272 रूपयों,वसूली योग्य राशि के संबंध में ग्राम पंचायतों के पक्ष को सुनकर उचित वैधानिक




कार्यवाही प्रस्तावित करने हेतु रीडर शाखा के प्रभारी अधिकारी पंकज नामदेव को निर्देश दिए। अनुपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच ,सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। सुनवाई की। इस दौरान ग्राम पंचायतों के तत्कालीन एवं वर्तमान सरपंच,सचिव, ग्राम रोजगार सहायक,सहायक यंत्री ,उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।



# नेगुरा गांव में पूजा बस से गिर कर अधेड़ की हुई मौत, पीएम हेतु भेजा जवा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स जवा।** जिले के जवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेगुरा गांव के पास से एक अधेड़ के मौत की खबर सामने आई है। जिस पर जवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा भेजा और बस को थाने में खड़ा किया गया है। बताया जाता है कि चिल्ला से चलकर रीवा जाने वाली पूजा बस ट्रेवल्स जैसे ही नेगुरा गांव के पास पहुची, गेट के पास खड़ा होने पर मोड़ पर अचानक झटका लगने से अधेड़ ब्यक्ति लल्लू प्रसाद कहार पिता बैजनाथ कहार उम्र 50 वर्ष निवासी कैथी पचकठा थाना जनेह बस से नीचे गिर गया और दूर जा गिरा जिसे काफी चोट आई। जिसे तत्काल बस चालक और परिचालक द्वारा बस में लेटाकर इलाज हेतु जवा लाया जा रहा था। सूचना पर जवा पुलिस ने भक्ता गांव के पास पहुची और अपने वाहन 112 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन अस्पताल पहुचते ही उसकी मौत हो गयी।

अशोका कंपनी का ठेकेदार नहीं दे रहा आर्थिक सहायता

# रीवा करंट की चपेट में श्रमिक,अस्पताल में लड रहा जिंदगी और मौत की जंग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा** जिले के सिरमौर तहसील अंतर्गत पडरी गांव में श्रमिक राजकुमार दाहिया 11000 वोल्ट की लाइन में बुरी तरह से करंट में झुलस गया, जिसका इलाज संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है लेकिन ठेकेदार और बिजली विभाग के अधिकारी देखने तक नही पहुचे। 27 फरवरी 2026 को उक्त स्थान में लाइन पर मरम्मत का कार्य कर रहा था जिसमें अशोक कंपनी में कार्यरत श्रमिक राजकुमार दहिया खंबे में चढ़ा ही था तभी अचानक लाइट चालू कर दी गई जिससे पीड़ित बुरी तरह से झुलस गया जो विभागीय लापरवाही की वजह से यह घटना घटी, जो अब संजय गांधी अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है डॉक्टर ने दोनों हाथ काटने की बात कही है और जरा सोचिए अगर वह बच भी जाता है तो आगे जीवन में वह क्या कर सकेगा। जहां उसके दो लड़कियां और दो लड़के हैं उनके गुजर के लिए वह किस पर आश्रित रहेगा। जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार की मदद नहीं की जा रही है ना तो बिजली विभाग द्वारा कोई मदद अभी तक की गई है परिजनों ने मांग की है कि बच्चों के भविष्य हेतु उसकी पत्नी को नौकरी दी जाए और मुआवजा दिया जाए जिससे बच्चे जीवन निर्वाह कर सकें।





# देश के गैस भंडारण का भंडाफोड़ इस्तीफा दे मोदी- शिव सिंह

**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा।** देश में रसोई गैस की भारी किल्लत पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट शिव सिंह ने मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की हैसियत से विदेशों में अधिकतर समय बिताने वाले नरेंद्र मोदी जी की असलियत सामने आ चुकी है। ईरान से अमेरिकी इजरायल युद्ध के अभी 11 दिन हुए हैं। सरकार गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों के भंडारण के संबंध में जहां बड़े-बड़े दावे कर रही थी आज उसके भंडारण का भंडाफोड़ हो चुका है। शिव सिंह ने कहा कि पहले से ही देश महंगाई की मार झेल रहा था। जनता पर अब सीधे गैस सिलेंडर की अतिरिक्त कमी का बोझ पड़ रहा है। लोग लंबी कतारों पर खड़े होने को मजबूर हैं। शिव सिंह ने यह भी कहा कि सिलेंडर महंगा भी कर दिया गया और सरकार के संरक्षण में एजेंसी संचालक कालाबाजारी भी कर रहे हैं । ऐसे देश चलाने में अक्षम प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक को सौंपा शिकायत पत्र

# बजरंग दल कार्यकर्ता को मिली मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी


**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** इन दिनों हिंदू संगठनों के नेता सुर्खियों में है हाल ही में कुछ दिनों पूर्व कैमोर में एक घटना घटित हुई थी जिसमें बजरंग दल कार्यकर्ता नीलू रजक की गोली मार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी हाल ही में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता करण मिश्रा पिता महेश प्रसाद मिश्रा को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। आपको बता दें कि इस पूरे मामले को लेकर करण मिश्रा ने कार्यकताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कटनी पहुंचकर एक शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा है। शिकायत पत्र सौंपते हुए करण मिश्रा ने बताया कि में विश्व हिंदू परिषद का कार्यकर्ता हु निरंतर रूप से गौसेवक के रूप में कटनी जिले में कार्य कर रहा हूं, विगत दिवस सोमवार रात्रि 11.35 बजे मुझे मो. नं. 9815592908 से कॉल आया कि "आप विश्व हिन्दू परिषद के लिए कार्य करते हैं, और कटनी में जो गौ सेवा कर रहे हैं, उसको बंद कर दो, नहीं तो मैं तुमको जान से मार दूंगा।" यह धमकी मुझे दी गई। उसके बाद फिर मुझे रात्रि में लगातार कई बार रात्रि 2 बजे तक धमकियों मिलती रहीं। बार बार उसी नंबर से मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी मेरे पास रिकार्डिंग भी उपलब्ध है। इसके बाद फिर एसएमएस संदेश के द्वारा मुझे एक नंबर और दिया गया और यह कहा गया कि अब इस नंबर से आपके पास फोन आयेगा। इस नं. 9115456200 को मुझे संदेश मैसेज के द्वारा अपने मोबाइल पर प्राप्त हुआ। उक्त मामले में श्री मिश्रा ने अपनी जान का खतरा महसूस होने पर ये शिकायत पत्र प्रशासन को सौंपा है देखना ये है कि इस पूरे मामले में प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।




# आबकारी एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद अजय पाल लोधी कांग्रेस से निलंबित

**रेवांचल टाइम्स संवाददाता उमाकांत त्रिपाठी पन्ना ।** शनिवार की दरमियानी रात्रि पुलिस चौकी मोहन्द्रा और सिमरिया की संयुक्त कार्रवाई में बरखेड़ा रीछी मार्ग में बलेनो गाड़ी से 8 पेटी शराब बरामद हुई यह कार्यवाही क्षेत्र भर में उस समय चर्चा का विषय बन गई जब पकड़ी गई गाड़ी कांग्रेस नेता बड़खेरा निवासी अजय पाल पिता हरबंश लोधी की निकली मोहन्द्रा चौकी पुलिस ने अजय पाल लोधी के ऊपर आबकारी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अजय पाल की तलाश शुरू कर दी है अपने नेता के अनैतिक काम में संलिप्त पाए जाने के आरोपों के बाद संगठन के निदेर्शानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमरिया के अध्यक्ष मुकेश चौरसिया ने अजय पाल को आरोप मुक्त होने तक पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है, हालांकि सोमवार को अजय पाल ने किसी अज्ञात जगह से अपने आप को बेगुनाह होने और पवई विधायक सहित पुलिस पर झूठे प्रकरण में फसाने का वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया था।





# यूजीसी समर्थकों ने सामूहिक गिरफ्तारी देने पुलिस प्रशासन रीवा से मांगी जानकारी

दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा। जिले में 16 फरवरी को यूजीसी बिल 2026 लागू करने के समर्थन में महाआंदोलन किया गया था रास्ता बाधित होने पर समर्थको के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया गया, लेकिन अभी तक जानकारी नही दी गयी, जिसे लेकर यूजीसी समर्थकों ने सामूहिक गिरफ्तारी देने पुलिस प्रशासन को लिखित में पत्र देकर थाना सिविल लाइन में नामजद किए गए यूजीसी समर्थकों की सूची मांगी है। पुलिस ने मीडिया के माध्यम से यह प्रसारित कराया था कि 16 फरवरी को आंदोलन के बाद मामला कायम किया गया है। यूजीसी समर्थक संगठनों के नेताओं ने पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन रीवा को पत्र लिखकर उन सभी 300 से 400 की संख्या में थाना सिविल लाइन रीवा के दर्ज अपराध में नामजद किए गए आंदोलनकारी साथियों की सूची मांगी है। यूजीसी समर्थक संगठनों के नेताओं ने पुलिस के अधिकारियों से यह भी कहा है कि उन्हें तत्काल अपराध में नामजद किए गए सभी साथियों की सूची प्रदान की जाए जिससे हम सभी शांतिपूर्ण एक साथ गिरफ्तारी दे सकें। आवेदन पत्र के दौरान दिनेश ओबीसी, राजेश कुशवाहा, राकेश यादव, दिनेश डायमंड, रविराज बौद्ध आदि साथी शामिल रहे।



# मेरा बाघ, मेरा विद्यालय के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा।** दिनाँक 11103/2026 को शाहडार वनपरिक्षेत्र-दीमरखेडा सामान्य समण्डल कटनी में महार्षि विश्वविद्यालय करौदी एवं शासकीय महाविद्यालय उमरियापान के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय बाध संरक्षण प्राधिकरण द्वारा मेरा बाघ, मेरा विद्यालय के तहत 35 छात्राओं को 16 किलो मीटर जंगल की सफारी एवं संवेदीकरण किया गया। कार्यक्रम में गर्वित गंगवार वनमकलाधिकारी द्वारा बच्चो के बीच उपस्थित होकर बाघा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, भूजलपरक्षण, अनिसुरक्षा, पर समझाया गया साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में डॉ. आरती धुर्वे महाविद्यालय उमरियापान प्राचार्य, अजय मिश्रा वनपरिक्षेत्र अधिकारी, डॉ. दिव्या शुक्ला, डॉ. नेमा सिंह, डॉ. ईखददीन चौधरी, डॉ. हसमुख अभापति श्रीपती शकुन्तला गौड डिप्ट रेंजर, श्रीराम फल पटेल, श्रीयती उमा चौधरी, दीपक केशरवानी, सुधीर सिहं श्री उदीप तिवारी श्री दिनेश दहाय सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिया गया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। जिले में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देशांनुसार 5 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।**



पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन बुधवार को जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री वी के द्विवेदी सहायक प्राध्यापक शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के द्वारा प्रतिभागियों को आपदा का प्रकार, भूकंप में किये जाने वाले प्राथमिक कार्य के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात द्वितीय विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री अशोक जोशी, अभियंता, परियोजना कार्यान्वयन इकाई पीआईयू विभाग द्वारा आपदा से पूर्व एवं आपदा पश्चात संरचनाओं का सुरक्षित निर्माण के संबंध में महत्त्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके बाद राजेन्द्र सिंह बघेल जिला होमगार्ड कमांडेंट द्वारा आपदा खासकर भूकंप के दौरान अपनाये जाने वाले प्राथमिक उपचार व बचाव कार्य के संबंध में एसडीआरएफ के समन्वय से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न आपदा परिस्थितियों में सुरक्षित तरीके से लोगों को बचाने तथा घायल व्यक्तियों को प्रारंभिक उपचार प्रदान करने के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को आपदा के दौरान समन्वित कार्यवाही, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा टीम वर्क के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने की तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के आगामी सत्रों में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## बरही में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन 14 को

**कटनी ।** विकासखण्ड बड़वारा अंतर्गत नगर परिषद बरही के मेला ग्राउंड में शनिवार 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के यादव के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक?टर श्री आशीष तिवारी ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, अजीविका मिशन, कृषि अभियांत्रिकी, सांधी दुग्ध संघ, इफको, मानव जीवन विकास समिति एवं कृषक उत्पादक संघों को इस कार्यक्रम में विभागीय गतिविधियो के प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाने के निर्देश दिये हैं।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल
CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers
Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

# कानून के नाम पर ब्लैकमेल का खेलः डॉक्टर को 376 और पॉक्सो में फंसाने की धमकी, 37 लाख की डील का गिरोह गिरफ्तार

## जबलपुर में हनीट्रैप और रंगदारी का सनसनीखेज खुलासा... पुलिस ने कछपुरा ब्रिज पर बिछाया जाल, स्कॉर्पियो में पहुंचे तीन आरोपी दबोचे

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में अपराध का एक ऐसा चेहरा सामने आया है, जिसमें कानून की सबसे सख्त धाराओं को ही डर का औजार बनाकर ब्लैकमेलिंग का खेल खेला जा रहा था। एक प्रतिष्ठित डॉक्टर को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे कथित गिरोह का संजीवनीनगर पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने जाल बिछाकर तीन आरोपियों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे तय रकम लेने के लिए पहुंचे थे। मामला सतपुड़ा एवेन्यू निवासी डॉ. अमित खरे (40) का है, जो स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में उन्होंने बताया कि 27 फरवरी से एक मोबाइल नंबर से लगातार व्हाट्सएप कॉल आने लगे। कॉल करने वाले ने अपना नाम प्रवीण सिंह बताया और पहले परिचितों का हवाला देकर भरोसा जीतने की कोशिश की। कुछ ही समय बाद बातचीत का रुख बदल गया। डॉक्टर को बताया गया कि एक युवती उनके खिलाफ धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराने वाली है। इसके बाद शुरू हुआ मामला रुकवाने का सौदा। आरोपियों ने पहले 37 लाख रुपये की मांग रखी और दबाव इतना बढ़ाया कि अपने दो साथियों के साथ सीधे



अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर पर समझौते का दबाव बनाया। काफी मोलभाव के बाद सौदा 8 लाख रुपये पर तय हुआ और आरोपियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि तय समय तक रकम नहीं मिली तो एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी।

### पुलिस ने ऐसे बिछाया जाल

डॉक्टर की शिकायत के बाद संजीवनीनगर थाने में अपराध क्रमांक 101/26 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लवी शुक्ला और सीएसपी गोरखपुर महादेव प्रसाद नागोतिया के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर योजना बनाई गई। डॉक्टर के जरिए आरोपियों को कछपुरा ब्रिज पर रकम लेने के लिए बुलाया गया। जैसे ही आरोपी सफेद स्कॉर्पियो (MP-20 CF -1697) से मौके पर पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठी पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तार आरोपी

प्रवीण सिंह दहायत (37) आदर्श नगर कॉलोनी, रांझी पवन देवक (48) रामपुर चौक, गोरखपुर बृजेश समन (41) रामनगर, रामपुर, गोरखपुर बरामद हुए ब्लैकमेल के औजार पुलिस ने आरोपियों के पास से स्कॉर्पियो वाहन, धमकी देने में इस्तेमाल मोबाइल फोन, दो प्रोफेशनल माइक, एक छात्रा की 10वीं की अंकसूची और अखिल भारतीय छात्र संगठन के लेटरपैड पर जिला दंडाधिकारी के नाम टाइप किया गया आवेदन जब्त किया है। इन दस्तावेजों से यह आशंका भी जताई जा रही है कि आरोपी खुद को किसी संगठन या मीडिया से जुड़ा बताकर लोगों पर दबाव बनाने की कोशिश करते थे।

### रिकॉर्डिंग ने पलट दी पूरी बाजी

डॉ. खरे ने आरोपियों के साथ हुई बातचीत की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। वहीं उनके ड्राइवर दुर्ग सिंह लोधी द्वारा रिकॉर्ड किए गए साक्ष्यों को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। पुलिस मान रही है कि ये डिजिटल सबूत पूरे मामले में अहम भूमिका निभाएंगे।

### इस पूरे मामले ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है...

क्या कानून की सख्त धाराओं का डर दिखाकर ब्लैकमेलिंग का यह नेटवर्क शहर में पहले से सक्रिय था? क्योंकि जिस तरह से दस्तावेज, संगठन के लेटरपैड और दबाव बनाने के तरीके सामने आए हैं, उससे आशंका जताई जा रही है कि गिरोह ने पहले भी कई लोगों को निशाना बनाया हो सकता है। फिलहाल संजीवनीनगर पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस बात की पड़ताल की जा रही है कि इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

# नुक्कड़ नाटक से घसिया बस्ती में फैली स्वच्छता की जागरूकता



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से नगर निगम जबलपुर लगातार नए-नए जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभाग क्रमांक 16 के वार्ड 50 अंतर्गत घसिया बस्ती में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकारों ने जीवंत अभिनय के जरिए लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को बताया गया कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखना, कचरे को डस्टबिन में डालना और आसपास साफ-सफाई बनाए रखना जैसी छोटी-छोटी आदतें पूरे मोहल्ले की तस्वीर बदल सकती हैं। कलाकारों के संवाद और अभिनय ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। स्कूली बच्चों को ह्यस्वच्छता दूतह्न बनने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे अपने घर और आसपास के लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर सकें। वहीं महिलाओं को घर से निकलने वाले कचरे के उचित निपटान और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी गई। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि लोगों के मन में स्वच्छता को संस्कार के रूप में स्थापित करना है। घसिया बस्ती में हुए इस आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि जब कला और जन-जागरूकता एक साथ आती है तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाना आसान हो जाता है। स्थानीय नागरिकों ने भी अपने वार्ड को स्वच्छ और आदर्श बनाने का संकल्प लिया।

# गेहूं उपार्जन हेतु आवश्यक प्रबंध और कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करें: संभागायुक्त सिंह




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान गेहूं उपार्जन के सम्बन्ध में समीक्षा कर विभागीय दिशा निर्देश अनुरूप कृषक पंजीयन के सत्यापन, प्रत्येक केंद्र की समुचित निगरानी एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने और भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने को कहा। वीडियों कांफ्रेंस में राजस्व एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े मामलों, जिसमें राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाईन, सीपीग्राम, सीएम तथा सीएस मॉनिट, लोक सेवा गारंटी, जीएडी, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त शिकायतों, लंबित विभागीय जांचों, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों पर समीक्षा कर इन्हें समय सीमा में निराकरण करने के साथ ही मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान निर्धारित लेबर बजट एवं विगत वर्षों के अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की जिले वार समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान अंतर्गत स्वीकृति एवं पूर्ण आवासों की समीक्षा भी की गई। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत शासन निदेर्शानुसार प्रगतिरत योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कराने एवं पूर्ण योजनाओं का निर्धारित प्रक्रिया अनुसार हस्तांतरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विगत वर्षों के कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण कराने एवं इस वर्ष की प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सभी कलेक्टर्स को अवगत कराया। संभागायुक्त सिंह ने कृषि एवं कृषि संबद्ध विभागों की कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना की जिलेवार समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रूप से पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, हिरण्यगर्भा अभियान एवं क्षीरधारा ग्राम योजना के अलावा मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने की समीक्षा की गई। नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में एसबीएम 2.0 और अमृत 2.0 प्रोजेक्ट अंतर्गत कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान डीएलसीसी बैठक अंतर्गत चिन्हित विभिन्न योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, सिकल सेल उपचार, वय वंदना योजना के तहत सीनियर सिटीजन के आयुष्मान कार्ड बनाने की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त स्कूल व आंगनवाड़ियों बालिका शौचालय के निर्माण व मरम्मत कार्यो की समीक्षा कर इन्हें समय सीमा में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की विभागीय योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन पर भी विस्तार से चर्चा कर प्रगति का जायजा लिया। समीक्षा के दौरान जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्चुअली रूप से सम्मलित रहे।

# आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए नगर निगम का अभियान तेज, 30 कुत्तों का बधियाकरण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके काटने की लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम जबलपुर द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आवारा कुत्तों का बधियाकरण (नसबंदी) और एंटी रेबीज टीकाकरण किया जा रहा है, ताकि उनकी बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के साथ-साथ लोगों को रेबीज के खतरे से भी बचाया जा सके। नगर निगम ने इस कार्य के लिए जबलपुर की पशु कल्याण संस्था माँ बगुलामुखी सेवा समिति से अनुबंध किया है। संस्था के डॉग कैचर्स की टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर रही है और उन्हें उपचार व बधियाकरण के लिए केंद्र तक पहुंचा रही है। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 11 मार्च 2026 को शहर के कई क्षेत्रों







से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई। इस दौरान बड़ी ओमती, नेता कॉलोनी आधारताल, पांडे अस्पताल क्षेत्र, राधा कृष्ण वार्ड, दमोह नाका शांति नगर, गोहलपुर, जय प्रकाश नगर, न्यू रामनगर, कमला नेहरू वार्ड, गोरखपुर कुम्हार मोहल्ला, मॉडल टाउन, विजय नगर स्थित 90 क्वार्टर, राजुल सिटी-7, दादा ठनठनपाल, बोस नगर और जैन मंदिर मुस्कान सहित अन्य क्षेत्रों से आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। पकड़े गए 31 कुत्तों को जबलपुर के कठौंदा स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र में लाया गया, जहां उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के बाद प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों की देखरेख में 30 कुत्तों का सफलतापूर्वक बधियाकरण ऑपरेशन किया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# एटीएम कार्ड बदलकर अधिवक्ता के खाते से 47 हजार रुपये पार, पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** बेलबाग थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर एक अधिवक्ता के बैंक खाते से 47 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने चालाकी से अधिवक्ता का एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में उसके जरिए नकदी निकासी व खरीदारी कर ली। शिकायत के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर थाना क्षेत्र के कांचघर हनुमान टोरिया निवासी विजय कुमार चौधरी पेशे से अधिवक्ता हैं। बताया गया है कि गत वर्ष 12 अक्टूबर को उन्होंने अपने बेटे ऋषि चौधरी को एटीएम कार्ड देकर खाते से कुछ पैसे निकालने के लिए भेजा था। ऋषि कांचघर स्थित एटीएम मशीन पर पहुंचा, लेकिन कार्ड से पैसे नहीं निकले। इस पर उसने फोन कर अपने पिता को इसकी जानकारी दी। अधिवक्ता विजय चौधरी ने शुरूआत में यह समझा कि शायद पिन नंबर गलत डालने के कारण पैसा नहीं निकल रहा होगा। बाद में जब ऋषि ने एटीएम कार्ड को ध्यान से देखा तो उस पर किसी अन्य




व्यक्ति का नाम लिखा हुआ था। कार्ड पर रामअवतार यादव नाम अंकित था। इससे अधिवक्ता को धोखाधड़ी की आशंका हुई। उन्होंने तुरंत स्टेट बैंक की शाखा में जाकर अपने खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। स्टेटमेंट देखने पर उन्हें पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से एटीएम कार्ड के जरिए 40 हजार रुपये नकद निकाल लिए हैं। इसके अलावा उसी कार्ड से सात हजार रुपये का भुगतान कर सुनरहाई स्थित एक ज्वेलर्स दुकान से पायल भी खरीदी गई है। जांच के दौरान अधिवक्ता ने पुलिस को बताया कि वह 5 अक्टूबर को बाई का बगीचा स्थित जनता मार्केट में सब्जी खरीदने गए थे। उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पर्स से छेड़छाड़ कर एटीएम कार्ड बदल दिया होगा। बाद में उसी कार्ड का उपयोग कर आरोपी ने उनके खाते से कुल 47 हजार रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर बेलबाग पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और एटीएम से हुई निकासी तथा ज्वेलर्स दुकान पर हुई खरीदारी के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जनगणना 2027 के लिए जबलपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य किया जाएगा। इसी क्रम में जिला व चार्ज स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज 11 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक ई-दक्ष केन्द्र, तहसील कार्यालय, जबलपुर में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश, भोपाल से आए जबलपुर के लिए जनगणना प्रभारी अधिकारी एवं प्रशिक्षक मनोज नाथानी तथा सुश्रुति पाटीदार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जिला जनगणना पुस्तिका से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ सेंसस पोर्टल पर हेंडस ऑन अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऋषभ जैन, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, बलवंत सिंह राहंगडाले, संयुक्त संचालक एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, समस्त तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, तथा जिले के जनगणना कार्य में संलग्न ग्रामीण चार्ज, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)



म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
बार कोड स्कैन कर, व्हाट्सएप चैनल से जुड़े
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाटसएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592